दैनिक

# नज़रिया खबर

*भारत सरकार के डीएवीपी व राज्य सरकार द्वारा विज्ञापन के लिए मान्यता प्राप्त*

RNI:UTTHIN/2008/25052


वर्ष:17 | अंक: 185 | देहरादून, शुक्रवार , 03 जनवरी 2025 | पृष्ठ:08 | मूल्य:1/रु. प्रति




पेज-07

## न्यूज डायरी

### पद्मश्री डॉ. बीकेएस संजय ने राज्यपाल से की भेंट



**देहरादून।** राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) से गुरुवार को राजभवन में पद्मश्री डॉ. बीकेएस संजय ने शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान डॉ. बीकेएस संजय ने राज्यपाल को स्वलिखित पुस्तकें 'फ्रॉम द पेन ऑफ सर्जन्स' एवं 'उपहार संदेश का' भेंट की।

### रेनो इंडिया ने 2025 की शानदार शुरुआत की

**देहरादून।** रेनो इंडिया, जो रेनो ग्रुप की एक पूर्ण स्वामित्व वाली कंपनी है, ने अपने ग्राहकों के लिए एक शानदार पहल की घोषणा की है। अब रेनो की सभी कारों पर 3 साल या 1,00,000 किलोमीटर की स्टैण्डर्ड वारंटी मिलेगी। यह नई वारंटी 1 जनवरी 2025 से लागू हो चुकी है। यह वारंटी ग्राहकों को मानसिक सुकून देने के लिए डिज़ाइन की गई है और इसमें मैकेनिकल और इलेक्ट्रिकल खराबियों, वर्कमैनशिप, मेटेरियल या मैन्युफैक्चरिंग डिफेक्ट्स को कवर किया गया है। ग्राहकों की संतुष्टि को प्राथमिकता देते हुए, रेनो ने 7 साल या अनलिमिटेड किलोमीटर की एक्सटेंडेड वारंटी भी पेश की है, जो इंडस्ट्री में सबसे बेहतर मानी जा रही है। ग्राहक इसे स्टैण्डर्ड वारंटी की अवधि के दौरान कभी भी खरीद सकते हैं। इसके अलावा, स्टैण्डर्ड और एक्सटेंडेड वारंटी के साथ 24•7 रोडसाइड असिस्टेंस मुफ्त में दिया जाएगा।

# मुख्य सचिव की अध्यक्षता में हुई एनसीएपी की चौथी स्टेट लेवल स्टीयरिंग कमेटी की बैठक

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** इलैक्ट्रिक वाहनों के अनुकूलन में इन्फ्रास्ट्रक्चर को अपडेट करने को लेकर मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने शॉपिंग मॉल में भी ईवी चार्जिंग स्टेशन स्थापित करने के निर्देश दिए हैं।

मुख्य सचिव ने सभी विभागों को वाहनों के सम्बन्ध में स्क्रैप पॉलिसी के सख्ती से पालन के निर्देश दिए हैं। सीएस ने शहरों के बीच ग्रीन बेल्ट विकसित करते हुए सड़कों के मध्य खाली जगहों व ट्रैफिक कॉरिडोर में अन्य पौधों के स्थान पर बांस के पौधें प्राथमिकता से लगाने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही उन्होंने राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम के तहत चिन्हित देहरादून, ऋषिकेश तथा काशीपुर में प्रदुषण की रोकथाम के लिए स्वच्छ वायु एक्शन प्लान बनाने के निर्देश दिए हैं। सीएस ने शहरी विकास विभाग को कूड़ा जलाने की गतिविधियों को गम्भीरता से ट्रैक करने हेतु नगर निगम स्तर पर गठित टास्क फोर्स द्वारा सख्ती एवं सक्रियता से कार्य करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने महिला मंगल दलों की सक्रियता से सपजजमतपदह गतिविधियों पर पूर्णतया रोकथाम के भी निर्देश



मुख्य सचिव बैठक लेते हुए।

### स्क्रैप पॉलिसी का सख्ती से पालन करेंगे विभाग

दिए। कूड़े के डोर टू डोर कलेक्शन पर सख्ती करते हुए मुख्य सचिव श्रीमती रतूड़ी ने डोर टू डोर कलेक्शन को 100 प्रतिशत बरकरार रखने तथा मलिन बस्तियों में भी डोर टू डोर कलेक्शन की व्यवस्था की सख्त हिदायत दी है।

सचिवालय में नेशनल क्लीन एयर प्रोग्राम (एनसीएपी) की चौथी स्टेट लेवल स्टीयरिंग कमेटी की बैठक की अध्यक्षता करते हुए मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने मुख्य जंक्शनों पर इंटिग्रेटेड ट्रैफिक मेनेजमेंट सिस्टम स्थापित करने तथा डस्ट कण्ट्रोल के लिए सड़कों के सुधार के निर्देश दिए हैं। मुख्य सचिव ने कहा कि वर्ष 2025–26 तक प्रदूषकों की मात्रा में 40 प्रतिशत तक की कमी करने के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए संबंधित विभागों को गंभीरता से ठोस एक्शन प्लान पर काम करना होगा। बैठक में उत्तराखण्ड प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड एवं संबंधित विभागों के अपर सचिव, नगर आयुक्त देहरादून एवं अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# दिव्यांगजनों की सुविधा के लिए सचिवालय में भूतल से लिफ्ट की व्यवस्था

**देहरादून।** मुख्य सचिव राधा रतूड़ी से अपनी समस्याओं की गुहार लेकर प्रतिदिन मिलने वाले फरियादियों विशेषकर दिव्यांगजनों की सुविधा के दृष्टिगत सचिवालय स्थित मुख्य सचिव कार्यालय तक पहुंचने के लिए सीएस राधा रतूड़ी के निर्देश पर भूतल से लिफ्ट की व्यवस्था कर दी गई है। ज्ञात्व है कि अब तक मुख्य सचिव राधा रतूड़ी दिव्यांगजन फरियादियों की समस्याओं को जानने के लिए सचिवालय परिसर में स्वयं उनके पास पहुंचती थी। अब मुख्य सचिव कार्यालय तक लिफ्ट की व्यवस्था होने से प्रतिदिन राज्य के दूर दराज क्षेत्रों से अपनी समस्याओं के निराकरण के लिए मुख्य सचिव से मिलने वाले दिव्यांग फरीयादियों को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना नहीं करना पड़ेगा। दिव्यांगजन अपनी समस्याओं के समाधान के लिए सीधे मुख्य सचिव से उनके कार्यालय में मुलाकात कर पाएंगे।



# सरनौल सुतुड़ी-सरूताल ट्रैक के लिए 74.20 लाख स्वीकृत, 40 लाख रुपये रिलीज

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** सरनौल से सरुताल 22 किमी ट्रैकिंग मार्ग की मरम्मत, रेन शेल्टर और केम्पिंग शेड निर्माण के लिए शासन ने 74.20 लाख की धनराशि स्वीकृत कर दी है। इस वित्तीय वर्ष मे 40 लाख की धनराशि रिलीज भी कर दी गयी है।

सचिव पर्यटन ने निदेशक पर्यटन को प्रेषित पत्र मे 31 मार्च तक कार्य को पूर्ण कर धनराशि उपयोग मे लाने को कहा है। यमुनोत्री क्षेत्र स्थित विकास खंड नौ गाँव को मुख्यमंत्री की घोषणा के अनुरूप पर्यटक सर्किट के रूप मे विकसित किया जाना है।



भाजपा मीडिया प्रभारी चौहान ने जताया सीएम का आभार

इसके लिए पर्यटन विभाग द्वारा प्रस्ताव, परीक्षण और सभी औपचारिकताएं पूरी कर धन स्वीकृत किया गया।

पर्यटन सर्किट की स्वीकृति और धन रिलीज के लिए भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का क्षेत्रवासियों की ओर से आभार जताया है। उन्होंने कहा कि निश्चित रूप से सुतुडी सरूताल ट्रैक को भारत के मानचित्र पर स्थान पाने मे सफल होगा। चौहान ने कहा कि सुतुड़ी–सरूताल बुग्याल प्रकृति का आइना है। यहां प्रकृति के अद्भुत नैसर्गिक सुंदरता बिखरी है। बुग्याल में ब्रह्मकमल,लेशर सहित अनेक पुष्प व गगनचुंबी बर्फीली चोटियां मन को मोह लेते हैं। यही वजह है कि यहां बुग्याल प्राकृतिक सुंदरता के लिए जाना जाता है। उन्होंने कहा कि सरनौल गांव से लगभग आठ किमी की दूरी पर सुतुडी है जो इस यात्रा का पहला पड़ाव है। यहां फाचुकांडी की तलहटी सुरम्य मखमली बुग्यालों के मध्य विराजमान हैं। सुतुडी से सरूताल ट्रैक 17–18 किलोमीटर दूर है। इन दिनों सरूताल ताल के चारों तरफ अनेक प्रजाति के पुष्प खिले रहते हैं। जो पर्यटकों को आकर्षित करती है। चौहान ने बताया कि सरनौल सुतुडी सरुताल पर्यटन विकास समिति की 17 अगस्त 2024 की मांग पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी एवं पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज सरनौल सुतुडी सरूताल बुग्याल को दो सितम्बर से 30 नवम्बर तक ष्ट्रैक ऑफ़ द ईयरष घोषित किया था।उन्होंने बताया कि यहां ट्रैक उत्तराखंड के मान चित्र पर दर्शाया गया है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड सरकार इसे भारत के मान चित्र पर दर्शाने के प्रयास में हैं। चौहान ने कहा कि सुतुडी– सरूताल ष ट्रैक ऑफ़ द ईयर ष घोषित होने से आने वाले समय में यहां देश –विदेश सैलानी सैलानी घुमने आयेंगे इससे इस क्षेत्र का ही नहीं बल्कि नौगांव ,बड़कोट, ठकराल पट्टी के होटल, होम स्टे मालिकों को रोजगार मिलेगा।

03 january 2025_Copy of Layout 1 1/3/2025 12:34 PM Page 2



# संपादकीय

## पंजाब की राजनीति में हलचल

अमृतपाल सिंह को उनके नौ सहयोगियों के साथ पंजाब पुलिस द्वारा 36 दिनों की तलाश के बाद 23 अप्रैल, 2023 को एनएसए के तहत गिरफ्तार किया गया था। एनएसए के तहत, देश के लिए खतरा समझे जाने वाले किसी भी व्यक्ति को बिना किसी आरोप के एक साल तक हिरासत में रखा जा सकता है। खडूर साहिब के सांसद अमृतपाल सिंह जो वर्तमान में राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम (एनएसए) के तहत असम की डिब्रूगढ़ जेल में बंद हैं, 14 जनवरी को एक रैली के साथ एक नई क्षेत्रीय राजनीतिक पार्टी लॉन्च करने के लिए तैयार हैं। पंजाब के श्री मुकस्टार साहिब में श्माघी दा मेलाश के दौरान होने वाली घोषणा के लिए श्पंथ बचाओ, पंजाब बचाओश रैली का आयोजन किया गया है। विवादास्पद सिख उपदेशक को आखिरी बार 5 जुलाई, 2024 को लोकसभा सांसद के रूप में शपथ लेने के लिए डिब्रूगढ़ से दिल्ली ले जाया गया था। अमृतपाल सिंह को उनके नौ सहयोगियों के साथ पंजाब पुलिस द्वारा 36 दिनों की तलाश के बाद 23 अप्रैल, 2023 को एनएसए के तहत गिरफ्तार किया गया था। एनएसए के तहत, देश के लिए खतरा समझे जाने वाले किसी भी व्यक्ति को बिना किसी आरोप के एक साल तक हिरासत में रखा जा सकता है। उन्हें 2022 में पंजाबी राजनीतिक समूह श्वारिस पंजाब देश के प्रमुख के रूप में नियुक्त किया गया था। समूह के प्रमुख रहते हुए उन्होंने अपने भाषणों में खालिस्तानी समर्थक भावनाएं भी व्यक्त की थीं और उन्हें अजनाला पुलिस स्टेशन पर हमले में भी फंसाया गया था, जब कई सशस्त्र अपने एक सहयोगी की गिरफ्तारी के बाद लोगों ने पुलिस अधिकारियों पर हमला किया। इस साल सितंबर में, अमृतपाल सिंह के पिता, तसरेम सिंह ने भी ष्सभी के कल्याणष की आवश्यकता को संबोधित करने के लिए पंजाब में एक नई राजनीतिक पार्टी बनाने की इच्छा व्यक्त की थी।

# सीएम ने सिद्धपीठ माँ सुरकण्डा मन्दिर में पूजा अर्चना कर प्रदेश की खुशहाली और समृद्धि की कामना की



सुरकण्डा मन्दिर में पूजा अर्चना करते सीएम।

**टिहरी / देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सिद्धपीठ माँ सुरकण्डा मन्दिर, पूजा अर्चना कर प्रदेश की खुशहाली और समृद्धि की कामना की।' मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरुवार को प्रसिद्ध सिद्धपीठ सुरकंडा देवी मंदिर पहुंचे। मुख्यमंत्री ने मां सुरकंडा देवी के दर्शन कर विधिवत पूजा अर्चना कर देश प्रदेश की सुख समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की तथा मंदिर की परिक्रमा भी की।

मुख्यमंत्री ने श्रद्धालुओं के साथ बातचीत कर उनसे यात्रा के संबंध में जानकारी ली। श्रद्धालु अपने बीच मुख्यमंत्री को देखकर काफी खुश नजर आए तथा उन्होंने मुख्यमंत्री के साथ सेल्फी भी ली। मुख्यमंत्री ने स्थानीय दुकानदारों से वार्ता कर उनका हाल चाल जाना। मुख्यमंत्री ने स्थानीय स्वयं सहायता महिला समूहों की महिलाओं द्वारा उत्पादित स्थानीय सामग्री की खरीददारी भी की। मुख्यमंत्री ने सभी को नववर्ष की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उत्तराखण्ड में शीतकालीन यात्रा प्रारंभ की गई है। जिसमें श्रद्धालु काफी संख्या में आ रहे हैं। उत्तराखण्ड देवभूमि है। राज्य के हर मन्दिर का अपना अलग महत्व है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के सभी प्रमुख मंदिरों को शीतकालीन यात्रा हेतु तैयार किया जा रहा है और अधिकांश स्थलों पर तैयारियां पूर्ण कर ली गई है, जिनका असर आज इस श्रद्धालुओं की संख्या को देखकर लगाया जा सकता है। इस दौरान एसएसपी आयुष अग्रवाल, एडीएम ए.के. पाण्डेय, एएसपी जे. आर. जोशी सहित अन्य गणमान्य एवं श्रद्धालु मौजूद रहे।

# भाजपा के मेयर प्रत्याशी सौरभ ने महंत देवेंद्र दास से भेंटकर आशीर्वाद लिया



**देहरादून।** भाजपा के महापौर प्रत्याशी सौरभ थपलियाल ने गुरुराम राय दरबार साहिब पहुंचकर झंडे जी साहिब पर माथा टेका और महंत देवेंद्रदास जी से भेंट कर आशीर्वाद लिया। इसके बाद शहर में विभिन्न गणमान्य व्यक्तियों और पार्टी के वरिष्ठ नेताओं से शिष्टाचार भेंट कर समर्थन मांगा। जिनमें भाजपा के वरिष्ठ नेता जोत सिंह बिष्ट, विनय गोयल, डिप्टी मेयर अशोक कुमार और विभिन्न मंडलों के पदाधिकारी गण प्रमुख रहे।

# पुजारी ग्रंथि सम्मान योजना आई-बुजुर्ग अधेड़ युवाओं को इस क्षेत्र में भी करियर की उम्मीदें जगाई-सभी राज्यों में हड़कंप मचाई



## दिल्ली की तर्ज़ पर पुजारी ग्रंथि सम्मान योजना पूरे देश में लागू करने, हर राज्य में बवाल की संभावना?

**गोंदिया।** वैश्विक स्तरपर भारत भले ही सबसे बड़ा लोकतंत्र व सबसे बड़ी जनसंख्या वाला देश है परंतु विगत कुछ दशकों से हम देख रहे हैं कि लोकतंत्र के यज्ञ रूपी चुनाव पर्व आते ही करीब हर संपन्न राजनीतिक पार्टियों द्वारा यह इस यज्ञ को, मेहनत उपलब्धियों सेवाओं व भविष्य की रणनीतियों रूपी पूजा से करने की बजाय देव रूपी मतदाताओं को इस तरह की सम्मान योजनाएं देकर अप्रत्यक्ष रूप से उन्हें अपने फेवर में करने का प्रचलन जोर–शोर से बढ़ते जा रहा है, जिसे आजकल रेवड़ी का नाम दिया जा रहा है।

मैंनें बचपन में आंध्र प्रदेश के चुनावी में 2 रूपए किलो चावल की योजना सुनी थी उसके बाद इसका चलन बढ़ता ही चला गया, जो हमारे महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के पूर्व 1500 रुपए लाडली बहन योजना तक चला, जिसने गजब का कमाल दिखाया था। अब दिल्ली के पुजारी ग्रंथि सम्मान योजना में रिकॉर्ड तोड़ प्रति व्यक्ति 18000 रुपए प्रति माह देने की चिंगारी का परिणाम पूरे देश में देखने को मिलेगा, हालांकि दिल्ली में इसका लाभ हो सकता है परंतु इसकी लौ पूरे देश में देखने को मिल सकती है। अब हर राज्य में वृद्धि अधेड़ युवा इस क्षेत्र में अपना करियर ढूंढने लगेंगे, यानी 2.16 लख रुपए का पैकेज प्रतिवर्ष बैठे बिठाए मिलेगा। बस! उन्हें पुजारी या ग्रंथि बनना है, जो युवाओं को भी आकर्षित कर सकता है।मेरा मानना है कि हर राजनीतिक दल इस तरह की सम्मान योजनाएं लाकर माहौल अपने पाले में लेकर सरकार बना लेते हैं। अगर हम हर क्षेत्र में रेवड़ियों की आदतें लागू करेंगे तो विजन 2047, पूर्ण विकसित भारत, 5 ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था, सबका साथ सबका विकास धर्म निरपेक्षता इत्यादि का क्या होगा? क्या फिर गरीब का पूजा पाठ फ्री में करने की शर्त होगी? वह अलाल तो नहीं हो जायेंगे सहित सैकड़ो प्रश्न उठेगे। चूँकि पुजारी ग्रंथि सम्मान योजना आई, बुजुर्ग अधेड़ युवाओं को इस क्षेत्र में भी करियर की उम्मीदें नजर आई, सभी राज्यों में हड़कंप बवाल मचाई। इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी का सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, भारत की राजनीतिक पार्टियों द्वारा तथाकथित सम्मान योजनाएं लागू करते कर दाताओं के मेहनत की कमाई से दिए टैक्स का संज्ञान लेना जरूरी है।

साथियों बात अगर हम पुजारी ग्रंथि सम्मान योजना की करें तो, विधानसभा चुनाव 2025 से पहले आप पार्टी ने दिल्ली में पुजारी–ग्रंथी सम्मान योजना शुरू की है। इस योजना के तहत मंदिरों में काम करने वाले पुजारियों और गुरुद्वारे के ग्रंथियों को हर महीने 18000 रुपये दिए जाएंगे। केजरीवाल ने इस योजना का ऐलान करते हुए कहा कि इसके तहत मंगलवार से ही आवेदन किया जा सकता है। इस योजना के जरिए पुजारियों और ग्रंथियों को हर महीने सम्मान राशि दी जाएगी। आप पार्टी का दावा है कि यह देश में पहली योजना है, जिसके तहत पुजारियों और ग्रंथियों की मदद की जा रही है पुजारी– ग्रंथी सम्मान योजना के तहत दिल्ली के सभी मंदिरों और गुरुद्वारों में काम करने वाले पुजारी और ग्रंथी आवेदन कर सकते हैं। हालांकि,अब तक इस योजना की पात्रता के लिए कोई सरकारी नोटिफिकेशन नहीं जारी किया गया है। चर्च या मस्जिद में काम करने वाले लोगों का कोई जिक्र नहीं किया गया है। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि यह योजना उनके लिए नहीं है ।इस योजना के तहत आवेदन मंगलवार (31 दिसंबर) से शुरू हुआ । अरविंद केजरीवाल ने कहा है कि वह खुद मंगलवार को राजीव चौक के प्राचीन हनुमान मंदिर में पुजारियों के रजिस्ट्रेशन कर पूरे दिल्ली में रजिस्ट्रेशन अभियान शुरू किया ।

साथिया बातें कर हम कल्याणकारी और रेवड़ी योजनाओं में फर्क को समझने की करें तो,इसपर बड़ी रोचक बहस चल रही है। दरअसल, सुप्रीम कोर्ट ने सुझाव दिया था, कोर्ट ने कहा था कि चुनाव पूर्व पार्टियों द्वारा की जाने वाली घोषणाएं प्रैक्टिकल हैं भी या नहीं? सरकारी ख़जाने पर उनका क्या प्रभाव पड़ता है ? मुफ्त की रेवड़ी और कल्याणकारी योजनाओं या घोषणाओं में आख़िर क्या फर्क है, इसपर बहस होनी चाहिए। उधर चुनाव आयोग ने सभी राजनीतिक दलों को एक चिट्ठी लिखी और पूछा कि बताइए–आपके हिसाब से कल्याणकारी योजनाएँ कौन सी हैं और मुफ्त की रेवड़ी कौन सी? यह भी पूछा कि चुनाव पूर्व घोषणाओं के फाइनेंशियल इम्पैक्ट के बारे में भी क्यों नहीं बताया जाना चाहिए? ख़ैर चुनाव आयोग ने चिट्ठी लिखकर अपनी जिम्मेदारी पूरी कर ली।

अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि पुजारी ग्रंथि सम्मान योजना आई–बुजुर्ग अधेड़ युवाओं को इस क्षेत्र में भी करियर की उम्मीदें जगाई–सभी राज्यों में हड़कंप मचाई ।दिल्ली की तर्ज पर पुजारी ग्रंथि सम्मान योजना पूरे देश में लागू करने, हर राज्य में बवाल की संभावना?भारत की राजनीतिक पार्टियों द्वारा तथाकथित सम्मान योजनाएं लागू करते समय, करदाताओं के मेहनत की कमाई से दिए टैक्स का संज्ञान लेना जरूरी है।

लेखक – कर विशेषज्ञ स्तंभकार
एडवोकेट किशन सनमुखदास
भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र

# हरिद्वार में हुए तीन हादसों में गई छह जिन्दगी, एक गंभीर रूप से घायल

**हरिद्वार (नजरिया खबर ब्यूरो)।** धर्मनगरी हरिद्वार में हुए अलग–अलग तीन हादसों में छह लोगों की मौत हो गई है। बहादराबाद थाने के पास हरियाणा नम्बर की कार सामने जा रहे ट्रक से टकरा गई जिसमें चार लोगों की जान मौके पर ही चली गई जबकि एक गंभीर रुप से घायल हो गया। जिसकों उपचार के लिए नजदीकी चिकित्सालय में पहुंचाया गया। हरिद्वार के लक्सर स्टोन क्रशर में मटेरियल लेने गए एक व्यक्ति की मैटेरियल में दबकर मौत हो गई। चीनी मिल में काम करने वाले कर्मचारी को गन्ने से भरी ट्रैक्टर ट्राली ने टक्कर मार दी जिसके कारण उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

हरिद्वार दिल्ली हाईवे पर एक भीषण सड़क हादसा हो गया। यहां रेवाड़ी हरियाणा के चार यात्रियों की मौत हो गई। जबकि एक यात्री गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसका इलाज एम्स में चल रहा है। दुर्घटना बहादराबाद थाने से पहले शनि देव मंदिर के नजदीक हुई। यहां रुड़की की ओर से आ रही यात्रियों



दुर्घटनाग्रस्त कार को किनारे करते हुए।

की कार सड़क किनारे खड़े ट्रक में जा घुसी। इस हादसे में चार लोगों की मौत हो गई। एक यात्री घायल हो गया।

बहादराबाद थाना अध्यक्ष नरेश राठौर ने बताया कि ये हादसा बीती देर रात हुआ। हादसे में 4 व्यक्तियों की मौत हो गई और एक गंभीर रूप से घायल हो गया। उन्होंने बताया कि मृतकों के नाम केहर सिंह पुत्र दलीप सिंह उम्र 35 वर्ष, आदित्य पुत्र हवा सिंह उम्र 38 वर्ष, मनीष पुत्र बलवान उम्र 36 वर्ष, प्रकाश पुत्र रघुवीर उम्र 40 वर्ष है। जबकि घायल का नाम महिपाल पुत्र गयासिराम उम्र 40 वर्ष है ये सभी रेवाड़ी, हरियाणा के रहने वाले हैं।

ट्रक चालक का नाम फजलुर्रहमान पुत्र लतीफुर्रहमान निवासी ग्राम पढेड थाना गागलहेडी जिला सहारनपुर है। वह भगवानपुर से 800 सीमेन्ट के बैग भरकर ढालवाला में अम्बुजा सीमेन्ट के गोदाम ऋषिकेश जा रहा था। वह रास्ते में किसी काम के लिये रुका था जिस दौरान यह हादसा हुआ।

लक्सर में स्टोन क्रेशर में कंक्रीट मैटेरियल लेने गए एक व्यक्ति की मैटेरियल के नीचे दबकर दर्दनाक मौत हो गई। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस के अनुसार मंगलौर कोतवाली क्षेत्र के थिथोला गांव निवासी इरफान कंकरीट मैटेरियल लेने के लिए लक्सर कोतवाली क्षेत्र के भोगपुर गांव स्थित एक स्टोन क्रेशर पर गया था। ट्रैक्टर ट्राली में जब कंकरीट मैटेरियल भरा जा रहा था तो बताया गया है कि इरफान ट्रैक्टर ट्राली के अंदर चढ़कर मटेरियल को फैला रहा था कि इसी बीच लोडर से जब ट्रैक्टर ट्राली में मटेरियल भरा जा रहा था तब चालक द्वारा इस ओर ध्यान नहीं दिया गया। जिस पर ट्रैक्टर ट्राली मे मटेरियल भरते समय इरफान मटेरियल के नीचे दब गया। इसके बाद इरफान के साथ आए लोगों ने जब उसकी तलाश की तो उसका कुछ पता नहीं चला सका। उसके मोबाइल फोन पर संपर्क किये जाने पर उससे संपर्क नहीं हो सका। सभी जगह उसकी तलाश करने के बाद जब ट्रैक्टर ट्राली को पलट कर खाली किया गया तो उसके अंदर से उसका शव बरामद हुआ। हादसे की जानकारी मिलने पर भिक्कमपुर पुलिस मौके पर पहुंची। लक्सर कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक राजीव रौथान ने बताया कि हादसे में मंगलौर कोतवाली क्षेत्र के थिथोला गांव निवासी इरफान की मौत हो गई है। तहरीर मिलने पर मामले में अग्रिम कार्रवाई की जायेगी। चीनी मिल कर्मचारी की सड़क हादसे में मौत का भी मामला सामने आया है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के मुंडाखेड़ा गांव निवासी मनजीत, चीनी मिल में काम करता था। वह नाइट शिफ्ट में ड्यूटी पर जा रहा था। इस दौरान जब वह खड़ंजा कुतुबपुर रेलवे फाटक के निकट पहुंचा। तभी वहां से गुजर रही गन्ने से भरी ट्रैक्टर ट्राली ने उसे टक्कर मार दी। हादसे में उसकी मौत हो गई। मामले में मृतक की मां शिक्षा देवी की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है।

## प्रयागराज महाकुंभ के लिए उत्तराखंड से शुरू होगी हवाई सेवा, ट्रेन के साथ बसें भी चलेंगी

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ मेले को लेकर उत्तर प्रदेश सरकार के साथ–साथ अन्य राज्य भी अपनी–अपनी तैयारी कर रहे हैं। केंद्र सरकार का फोकस प्रयागराज में लगने वाले महाकुंभ मेले पर पूरी तरह से है। इसी कड़ी में देवभूमि उत्तराखंड से तीर्थनगरी प्रयागराज जाने वाले लोग हवाई सेवा, ट्रेन और बस के जरिए प्रयागराज पहुंच सकते हैं और आस्था की डुबकी लगा सकते हैं।

12 जनवरी से राजधानी देहरादून के जॉलीग्रांट एयरपोर्ट से प्रयागराज के लिए हवाई सेवाएं शुरू हो रही है। हफ्ते में 2 दिन चलने वाली इस फ्लाइट का समय देहरादून से शाम 4 बजकर 25 मिनट पर होगा। 2 घंटे की समय अवधि में फ्लाइट प्रयागराज पहुंच जाएगी। इसके बाद शाम लगभग 6 बजकर 50 मिनट पर प्रयागराज से फ्लाइट देहरादून के लिए उड़ान भरेगी और 8 बजकर 45 मिनट पर श्रद्धालुओं को देहरादून पहुंचाएगी। एक चक्कर में लगभग 72 श्रद्धालुओं को यह फ्लाइट लेकर जाएगी।

भारतीय रेल द्वारा राजधानी देहरादून से ट्रेन 18 जनवरी, 21 जनवरी और 24 जनवरी को रवाना होगी। साथ ही 9 फरवरी, 16 फरवरी और 23 फरवरी को भी देहरादून और हरिद्वार से श्रद्धालु ट्रेन के माध्यम से प्रयागराज जा सकेंगे। ट्रेन के चलने का समय सुबह 8 बजकर 10 मिनट पर होगा, जबकि प्रयागराज से देहरादून के लिए सुबह 6 बजकर 30 मिनट पर ट्रेन रवाना होगी।

## अनहद नाद् द साइलेंट सॉन्ग : हिमालयन गुरु भरत ठाकुर के साथ 5-दिन का परिवर्तनकारी रिट्रीट हरिद्वार में संपन्न

**हरिद्वार (नजरिया खबर ब्यूरो)।** हरिद्वार के नदी तट स्थित आश्रम में आयोजित परिवर्तनकारी रिट्रीट अनहद नाद " द साइलेंट सॉन्ग" सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस अद्भुत आयोजन ने प्रतिभागियों को गहन अंतर्दृष्टि, आंतरिक शांति और दीर्घकालिक व्यक्तिगत विकास का अनुभव प्रदान किया। योग ऑफ साउंड पर आधारित यह 5–दिवसीय रिट्रीट हिमालयी गुरु डॉ. भरत ठाकुर द्वारा डिजाइन और संचालित किया गया था। इस कार्यक्रम का उद्देश्य प्राचीन और आधुनिक अभ्यासों के माध्यम से शरीर, मन और आत्मा के सामंजस्य को प्राप्त करना था। इस रिट्रीट के प्रमुख शिक्षण नाद योग पर केंद्रित थे। यह प्राचीन ध्वनि–आधारित योग अभ्यास है, जो प्रतिभागियों को



अपने भीतर और ब्रह्मांडीय तरंगों के साथ सामंजस्य स्थापित करने का सशक्त माध्यम प्रदान करता है। प्रतिभागियों ने अनहद नाद की अवधारणा का अध्ययन किया, जिसे योग दर्शन में ब्रह्मांडीय ध्वनि या ष्वेत शोरष कहा गया है।

भगवद गीता, शिव संहिता और रावण संहिता जैसे शाश्वत ग्रंथों से प्रेरित इन शिक्षाओं ने प्रतिभागियों को उच्चतर चेतना की ओर प्रेरित किया। योग, ध्यान और कलात्मक अभिव्यक्ति में विश्व प्रसिद्ध डॉ. भरत ठाकुर ने अपनी अद्वितीय ज्ञान और समग्र दृष्टिकोण से सभी उपस्थित लोगों को प्रेरित किया। उन्होंने योग आसन (आसन), श्वास क्रिया (प्राणायाम), मंत्र जप और ध्यान ध्वनि यात्रा जैसी प्रथाओं को सहजता से एकीकृत किया। उनके नवीन तरीकों ने प्राचीन ज्ञान को आधुनिक समझ के साथ जोड़ा, जिससे सभी उपस्थित लोगों के लिए सार्थक आंतरिक परिवर्तन की सुविधा मिली।

## 'हमारी विरासत एवं विभूतियां' पुस्तक को मिली सरकार की मंजूरी, प्राथमिक शिक्षा में कक्षा 6 से 8 तक के पाठ्यक्रम में होगी शामिल

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** प्रदेश की भावी पीढ़ी अपनी समृद्ध सांस्कृतिक लोक विरासत और महान विभूतियों की जीवनी से परिचित हो सके, इसके लिये राज्य सरकार ने प्राथमिक शिक्षा के तहत सामाजिक विज्ञान विषय की सहायक पुस्तिका के रूप में "हमारी विरासत एवं विभूतियां" पुस्तकों को शामिल करने की मंजूरी दे दी है।

इस पुस्तिका को कक्षा 6 से 8 तक के पाठ्यक्रम में शैक्षिक सत्र 2025–26 से पढ़ाया जायेगा। नई शिक्षा नीति–2020 के प्रावधानों के तहत प्रदेश के स्कूलों में छात्र–छात्राएं अब अपनी

### शैक्षिक सत्र 2025-26 से विद्यालय स्तर पर होगी लागू

समृद्ध सांस्कृतिक लोक विरासत, गौरवशाली इतिहास सहित प्रदेश की महान विभूतियों की जीवनी को पढ़ेंगे। प्रदेश सरकार ने इसके लिये राज्य शैक्षिक अनुसांधन एवं प्रशिक्षण परिषद (एससीईआरटी) द्वारा तैयार "हमारी विरासत एवं विभूतियां" पुस्तकों को पाठ्यक्रम शामिल करने की मंजूरी दे दी है। ये पुस्तकें कक्षा 6 से लेकर कक्षा 8 तक सामाजिक विज्ञान विषय की सहायक पुस्तिका के रूप में पढ़ाई जायेगी। विद्यालयी स्तर पर इन पुस्तकों का संचालन आगामी अकादमिक सत्र 2025–26 से किया जायेगा। "हमारी विरासत एवं विभूतियां" सहायक पुस्तिकाओं से छात्र–छात्राएं प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक लोक विरासत, लोकगीत, लोक नृत्य, सांस्कृतिक विविधता, प्रदेश का गौरवशाली इतिहास, पृथक राज्य आंदोलन, विभिन्न राजनीतिक, सांस्कृतिक व सामाजिक चेतना से जुड़े आंदोलन, प्रदेश का सामाजिक व आर्थिक विकास सहित प्रदेश की महान विभितियों की जीवनी से परिचित होंगे। इन पुस्तिकाओं को पाठ्यक्रम में शामिल करने के बाद इसका परीक्षा मूल्यांकन होगा। जिसमें कक्षावार सामाजिक विज्ञान विषय की अर्द्धवार्षिक व वार्षिक लिखित परीक्षा में कुल 80 अंक में से अधिकतम 05 अंक निर्धारित किये गये हैं। जबकि मासिक परीक्षा में इन पुस्तकों से 10 में से अधिकतम 2 अंकों का मूल्यांकन किया जायेगा। इसके अलावा इन पुस्तकों के संचालन हेतु विद्यालयों की समय–सारिणी में प्रति सप्ताह न्यूनतम एक वादन निर्धारित किया जायेगा साथ ही पुस्तक की विषयवस्तु पर प्रार्थना सभा, प्रतिभा दिवस एवं राष्ट्रीय व स्थानीय दिवसों पर चर्चा–परिचर्चा, वाद–विवाद, भाषण व नाट्य प्रस्तुतिकरण आदि आयोजित किये जायेंगे। एससीईआरटी द्वारा तैयार इन पुस्तकों का माह जुलाई 2024 में प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी एवं विद्यालयी शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत द्वारा विमोचन किया जा चुका है।

शिक्षा मंत्री डा. धन सिंह रावत का कहना है कि नई शिक्षा नीति–2020 के प्रावधानों के तहत प्रदेश के विद्यालयों में छात्र–छात्राओं को राज्य के धार्मिक, ऐतिहासिक, सामाजिक और सांस्कृतिक विरासत के साथ महान विभूतियों के योगदान से परिचित कराने का विशेष प्रावधान किया गया है।

03 january 2025_Copy of Layout 1 1/3/2025 12:34 PM Page 4



# दिवंगत महिला पुलिसकर्मी के बच्चों को डीजीपी दीपम सेठ ने सौंपा एक करोड़ रुपये की धनराशि का चेक




डीजीपी दिवंगत महिला पुलिसकर्मी के बच्चों को चेक सौंपते हुए।

देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)। डीजीपी दीपम सेठ ने पीएनबी के सौजन्य से दिवंगत एएसआई कान्ता थापा के आश्रितजन को 1 करोड़ रुपये की दुर्घटना बीमा राशि का चेक सौंपा। उल्लेखनीय है की पुलिस सैलरी पैकज योजना के अन्तर्गत विभिन्न बैंकों के साथ पुलिस कार्मिकों का वेतन खातों पर रुपए 1 करोड़ का दुर्घटना बीमा अनुमन्य किया गया है।

सनद रहे की उत्तरकाशी में नियुक्त रहीं अपर उपनिरीक्षक स्व. कान्ता थापा का विगत 20 जुलाई को कांवड़ मेला ड्यूटी में कर्तव्य निर्वहन के दौरान हरिद्वार बाईपास रोड देहरादून पर एक सड़क दुर्घटना में असामयिक स्वर्गवास हो गया था। उक्त के क्रम में डीजीपी दीपम सेठ, ने दिवंगत कान्ता थापा के आश्रितजनों (बच्चों) करिष्मा मोहन थापा व परिचय थापा से पुलिस मुख्यालय में मुलाकात कर उनकी शिक्षा,जॉब व आवास से सम्बन्धित आवश्यकताओं के बारे में जानकारी हासिल की। डीजीपी ने कान्ता थापा के असामयिक निधन पर गहन संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि पुलिस विभाग में उनकी कर्तव्यनिष्ठा व योगदान को हमेशा याद रखा जाएगा। उन्होंने दोनों बच्चों की शिक्षा और भविष्य को लेकर हरसम्भव मदद का आश्वासन दिया। साथ ही दिवंगत कान्ता थापा के आश्रितों को मिलने वाली पारिवारिक पेंशन एवं समस्त वित्तीय प्रकरणों को यथाशीघ्र निस्तारित करने हेतु पुलिस अधीक्षक उत्तरकाशी को निर्देशित किया।' डीजीपी सच्चिदानन्द दुबे,जनरल मैनेजर पंजाब नेशनल बैंक व अन्य अधिकारियों की उपस्थिति में 'दोनों बच्चों को दुर्घटना बीमा राशि रुपए 01 करोड़ का चेक' पुलिस सैलरी पैकज योजना के अन्तर्गत प्रदान किया गया। डीजीपी ने पंजाब नेशनल बैंक के वरिष्ठ अधिकारियों का इस योजना के लिए विशेष आभार जताया। डीजीपी ने कहा कि, उत्तराखंड पुलिस न केवल कर्मियों के कर्तव्य पालन में सहयोगी है, बल्कि उनके और उनके परिजनों के कल्याण और सुरक्षा के लिए भी पूरी तरह समर्पित है। यह हमारा नैतिक दायित्व है कि हम अपने प्रत्येक पुलिसकर्मी और उनके परिवार को सम्मान, समर्थन और हर संभव सहायता प्रदान करें।'

## 100 नगर निकायों में 202 नामांकन रद्द

देहरादून। उत्तराखंड के 100 नगर निकायों में दो दिन की जांच के बाद 202 नामांकन रद्द कर दिए गए हैं। आज बृहस्पतिवार को प्रत्याशियों को नाम वापसी का मौका दिया जाएगा। इसके बाद अंतिम सूची जारी हो जाएगी।

नगर निकायों में 31 दिसंबर और एक जनवरी को नामांकन पत्रों की जांच हुई। मेयर पद के लिए 103 नामांकन आए, जिनमें से दो रद्द हो गए। 43 नगर पालिका में अध्यक्ष पद के लिए 285 नामांकन आए, जिनमें से 20 रद्द हुए। 46 नगर पंचायत अध्यक्ष पद के लिए 302 नामांकन आए, जिनमें से 12 रद्द हुए। मेयर–अध्यक्ष के कुल 690 में से 34 रद्द हो गए। अब 656 बचे हैं।

इनमें मेयर के 101, नपा अध्यक्ष के 265 और नपं अध्यक्ष पद के 290 नामांकन बचे हैं। तीन जनवरी को चुनाव चिह्न का आवंटन किया जाएगा। 100 निकायों में 5750 नामांकन पार्षद और वार्ड सदस्य के लिए आए, जिनमें से 168 रद्द होने के बाद अब 5582 नामांकन वैध हैं।

## डीएम सविन बंसल ने मदरसों को लेकर सभी एसडीएम से मांगी रिपोर्ट

देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)। जिलाधिकारी सविन बंसल ने देर शाम ऋषिपर्णा सभागार में जनपद में संचालित अपंजीकृत मदरसों के सम्बन्ध बैठक कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने समस्त उप जिलाधिकारियों को निर्देशित किया कि जनपद में ऐसे मदरसे जो पंजीकृत नही है के संचालन का विवरण प्रस्तुत करेगें।

इस कार्य में जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी एवं शिक्षा विभाग से समन्वय करते हुए मदरसों का सर्वे कर नियमानुसार कार्रवाई कर आख्या प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि सभी उप जिलाधिकारी अपनी–अपनी तहसीलों में संचालित पंजीकृत मदरसों सहित अपंजीकृत मदरसों एवं अन्य सेंन्टर की समुचित विवरण उपलब्ध करायेंगे। तथा जो मदरसे पंजीकृत हैं उनमें मानकों का परिपालन की स्थिति यथा एनसीईआरटी पाठ्यक्रम का परिपालन, मीड–डे–मील, स्वच्छता, प्रकाश व्यवस्था, मूलभूत सुविधा आदि समुचित रिर्पोट प्रस्तुत करना सुनिश्चित करेगे।

बैठक में अपर जिलाधिकारी प्रशासन जयभारत सिहं, संयुक्त मजिस्ट्रेट गौरी प्रभात, उप मुख्यालय शालिनी नेगी, उप जिलाधिकारी विकासनगर विनोद कुमार उपस्थित रहे तथा उप जिलाधिकारी सदर हरिगिरि, डोईवाला अपर्णा ढौंडियाल, ऋषिकेश स्मृति परमार, वर्चुअल माध्यम से जुड़े रहे।

## मुख्यमंत्री ने 17वें कृषि विज्ञान सम्मेलन का पोस्टर जारी किया



कृषि विज्ञान सम्मेलन का पोस्टर जारी करते सीएम।

देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरूवार को मुख्यमंत्री आवास में 17वें कृषि विज्ञान सम्मेलन एवं कृषि प्रदर्शनी के ब्रोशर और पोस्टर का विमोचन किया। यह कृषि महाकुंभ 20 फरवरी से 22 फरवरी 2025 को गोविंद बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, पंतनगर में प्रस्तावित है जो कि राष्ट्रीय कृषि विज्ञान अकादमी एवं गोविंद बल्लभ पंत कृषि विश्वविद्यालय के द्वारा संयुक्त रूप आयोजित किया जा रहा है।

इस अवसर पर गोविंद बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, पंतनगर के कुलपति प्रो. एमएस चौहान ने बताया कि 17वें कृषि विज्ञान सम्मेलन में 50 से अधिक देशों के 04 हजार से अधिक प्रतिनिधि शामिल होंगे। सम्मेलन में पर्वतीय क्षेत्रों की कृषि में नवाचार, कृषि क्षेत्र में युवा पेशेवरों को बढ़ावा देने, डिजिटल एग्रीकल्चर, जलवायु परिवर्तन, स्मार्ट लाइवस्टॉक फार्मिंग जैसे विषय पर पैनल चर्चा की जाएगी।

साथ ही विज्ञान में नई खोज के लिए गुणवत्तापरक शिक्षा, मधुमक्खी पालन की संभावनाएं, गरीबी और कुपोषण से मुक्ति के लिए नए उपाय जैसे विषयों पर सेमिनार का भी आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर एक कृषि प्रौद्योगिकी प्रदर्शनी भी आयोजित की जाएगी जिसमें देश विदेश के 200 से अधिक संस्थान भाग लेंगे। इस मौके पर महानिदेशक यूकॉस्ट प्रो. दुर्गेश पंत, पंतनगर विवि के निदेशक शोध प्रो. अजित सिंह, संयुक्त निदेशक डॉ अनिल कुमार मौजूद थे।

# समय की मांग, शुरू हो राज्य में सुरक्षित रोड सेफ्टी उत्तराखंड अभियान : अनूप नौटियाल

देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)। उत्तराखंड में सड़क दुर्घटनाओं की संख्या में लगातार वृद्धि हो रही है, जो राज्य सरकार, राज्य के नागरिकों और प्रदेश में आने वाले करोडों पर्यटकों के लिए गंभीर चिंता का विषय है।

2023 में नवंबर माह तक 1520 दुर्घटनाएं हुईं, जबकि 2024 में यह आंकड़ा बढ़कर 1594 तक पहुंच गया, जो 4.9 प्रतिशत की वृद्धि को दर्शाता है। इसी प्रकार, 2023 में नवंबर माह तक 946 मौतें हुईं, जो 2024 में बढ़कर 983 हो गईं। इसके अलावा, घायल व्यक्तियों की संख्या भी बढ़ी है। हम



जानते हैं कि राज्य के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी अत्यधिक व्यस्त व्यक्ति हैं। उन्हें राज्य के तमाम अन्य कार्यों पर भी ध्यान देना होता है। ऐसे में हम आमतौर पर उन्हें अपनी ओर से उठाई गई किसी समस्या को लेकर डिस्टर्ब नहीं करते। हालांकि सड़क सुरक्षा जैसे आम लोगों के जीवन से जुड़े मुद्दे पर हमने उन्हें अपने कुछ सोशल मीडिया पोस्ट में टैग किया है। यह बात अलग है कि मुख्यमंत्री के ट्विटर हैंडल की तरफ से हमें कोई जवाब नहीं मिला, हम इसकी बहुत ज्यादा उम्मीद भी नहीं करते।

हमने पहली बार मुख्यमंत्री को अल्मोड़ा बस हादसे के बाद अपनी पोस्ट में टैग किया था। उसके बाद इसी मसले पर कुछ और भी पोस्ट किये, उन्हें फ़िर टैग किया। हमारा कहना सिर्फ यह है कि आने वाले समय में हमें सड़क दुर्घटनाओं में और लोगों को न खोना पड़े, इसके लिए गंभीर प्रयास किए जाएं। वर्तमान व्यवस्था से बड़े बदलाव संभव नहीं हैं इसलिए हमारा सुझाव है कि मुख्यमंत्री अपने एक कबिल और मेहनती विश्वासपात्र को सुरक्षित उत्तराखंड रोड सेफ्टी अभियान की ज़िम्मेदारी सौंप दें। वो व्यक्ति अपना कम से कम 80 प्रतिशत समय सड़क हादसों के कारणों और उनसे बचने के देशभर के तमाम मॉडल्स का अध्ययन करने में लगाएं। सड़क सुरक्षा संबंधी योजनाएं बनाकर उन्हें धरातल पर उतारने की दिशा में भी काम करे। हम उम्मीद करते हैं कि निकट भविष्य में मुख्यमंत्री इस सलाह पर अवश्य ध्यान देंगे। हमें उम्मीद है कि आने वाले वर्ष में उत्तराखंड में सड़क दुर्घटनाएँ बड़े स्तर से कम होंगी। बेहतर ढांचागत सुविधाओं, यातायात नियमों के प्रभावी पालन और समाज में जागरूकता में वृद्धि के माध्यम से सुरक्षित उत्तराखंड अभियान के मिशन पर काम होगा। सड़क सुरक्षा को प्राथमिकता देकर हम उत्तराखंड के निवासियों और प्रदेश में आने वाले करोड़ों पर्यटकों और श्रद्धालुओं के लिए एक सुरक्षित और समृद्ध भविष्य सुनिश्चित करेंगे। इस मुद्दे पर मेरे विचार प्रकाशित करने के लिए आभार दिव्य हिमगरी साप्ताहिक पत्रिका का।

# हल्द्वानी में हुकम सिंह कुंवर सातवीं बार देवभूमि उद्योग व्यापार मंडल प्रदेश अध्यक्ष चुने गए

**हल्द्वानी (नजरिया खबर ब्यूरो)।** देवभूमि उद्योग व्यापार मंडल प्रांतीय अधिवेशन में हुकम सिंह कुंवर को सातवीं बार संगठन की बागडोर सौंपी गयी,हल्द्वानी में एक निजी बैंकेट हाल में देवभूमि उद्योग व्यापार मंडल का प्रांतीय अधिवेशन आयोजित हुआ। अधिवेशन में संगठन के पिछले पांच सालों के कामों पर चर्चा वार्ता की गई।

अधिवेशन में संगठन के संस्थापक अध्यक्ष हुकम सिंह कुंवर ने अपना पांच साल का कार्य काल पूरा होने पर अपना स्तीफा दिया,कुंवर ने कहा कि आज मेरा कार्यकाल पूरा हो गया है,अब नए अध्यक्ष का चुनाव कराया जाए,मंच से अध्यक्ष के पद की इच्छा रखने वालों को आगे आने की अपील की गई। प्रदेश महामंत्री राजकुमार केसरवानी ने पुनः हुकम सिंह कुंवर का नाम प्रदेश अध्यक्ष के लिए रखा जिसका अनुमोदन प्रदेश उपाध्यक्ष गोपाल भट्ट किया। काफी चर्चा वार्ता के बाद हुकम सिंह कुंवर द्वारा संगठन के लिए किए गए योगदान व्यापारी हितों के लिए कामों सराहन की गई, ज्ञांत हो देवभूमि उद्योग व्यापार मंडल का गठन उत्तराखंड राज्य आंदोलन के दौरान 1994 में हुआ था,जब उत्तरप्रदेश से संचालित व्यापार मंडल राज्य आंदोलन के विरोध में थे।




जिसको ध्वनमति से पास कर हुकम सिंह कुंवर को सातवीं बार अध्यक्ष चुन लिया गया,

पुनः प्रदेश अध्यक्ष चुने जाने पर कुंवर ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए आगे भी सभी से सहयोग की अपील की।

अधिवेशन में संगठन के प्रदेश अनुशासन अध्यक्ष डॉक्टर बालम सिंह बिष्ट,प्रदेश उपाध्यक्ष गोपाल भट्ट, प्रदेश महामंत्री राजकुमार केसरवानी,प्रदेश मंत्री रमेश जोशी,प्रदेश सचिव पुराण सिंह पूना,मनोज खुलवे,खड़क सिंह बगड़वाल,हिमांशु मेर,राजेंद्र सिंह बिष्ट, हल्द्वानी अध्यक्ष अजय कृष्ण गोयल,चोरगलिया अध्यक्ष दीपक थूवाल, हल्दूचौड़ अध्यक्ष खीम सिंह बिष्ट, पंकज कुमार,हर्ष जलाल,पंकज सुयाल, घनश्याम सिंह बिष्ट,भास्कर सुयाल,उत्तम पंवार,मनीष नौरकी,शंभू दत्त कविदयाल,शंकर सिंह रावत,दीपक खुलवे,श्याम सिंह नेगी,संदीप पाठक,राजेश अधिकारी,हरमोहन बिष्ट, जेड वारसी,आफताब हुसैन,अमित बुधलाकोटी,सूरज सामंत, कृष्ण कुमार आगरी,राकेश अग्रवाल,बृजमोहन सिजवाली,बलवंत रावत,सुरेश तिवारी, पी पी सिंह,गुरुदयाल सिंह, माधो सिंह देवपा,राहुल नेगी,दीपक जोशी,मनोज बिनवाल,विनय चौहान,अविनाश गुप्ता,जगत सिंह बोरा,सुरेश अग्रवाल,जीवन पाण्डेय,वीरेंद्र सिंह रौतेला,भुवन दानी,उमेश बेलवाल,प्रकाश सिंह देवपा,मयंक जोशी, पी एस जीना,दान सिंह बिष्ट,आदि लोग शामिल थे।

## शैल भैरवनाथ मंदिर में जाकर पार्टी प्रत्याशियों की जीत का आशीर्वाद लिया

**चमोली।** भाजपा नगर मंडल गौचर – रानीगढ़ मंडल ने गौचर के सिद्धपीठ भैरवनाथ मंदिर शैल गांव में जाकर पूजा अर्चना करते हुए नगरपालिका निकाय में पार्टी के अधिकृत प्रत्याशी अध्यक्ष सहित सभी सात वार्डों के सदस्यों की जीत का आशीर्वाद लिया।

इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष दिनेश चंद्र डिमरी, महामंत्री सुनील कुमार, नगरपालिका अध्यक्ष पद के प्रत्याशी अनिल नेगी, वार्ड नं. 01 प्रत्याशी संजय कुमार, वार्ड नं. 02 प्रत्याशी श्रीमती सुषमा बिष्ट, वार्ड नं. 03 प्रत्याशी श्रीमती संतोषी शैली, वार्ड नं. 04 प्रत्याशी श्री चौतन्य बिष्ट, वार्ड नं.05 प्रत्याशी श्रीमती चकोरी देवी, वार्ड नं. 06 देवेंद्र नेगी, वार्ड नं. 07 प्रत्याशी त्रिभुवन सिंह भंडारी, के अलावा पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता सुरेंद्र पुंडीर, नितेश चौधरी, राजेंद्र लाल, अरविंद साहनी, बृजू लाल, आशीष शैली, युद्धबीर खत्री, लक्ष्मण सिंह राणा, अनिल जोशी, मातृ शक्ति व युवा कार्यकर्ता मौजूद थे।

## सपा के हल्द्वानी मेयर प्रत्याशी शोएब अहमद और निर्दलीय प्रत्याशी रूपेंद्र नागर ने नाम वापस लिया

**हल्द्वानी (नजरिया खबर ब्यूरो)।** हल्द्वानी नगर निगम के मेयर प्रत्याशी समाजवादी पार्टी के उम्मीदवार शोएब अहमद ने अपना नामांकन वापस ले लिया है समाजवादी पार्टी के नाम वापसी से कांग्रेस पार्टी को एक बहुत बड़ी राजनीतिक राहत मिली है समाजवादी पार्टी के प्रदेश महासचिव शोएब अहमद ने कहा यह फैसला जनहित में लिया गया है और कहा कि पिछले 10 वर्षों से भाजपा के मेयर ने जनता को निराश किया इस फैसले से कांग्रेस मेयर चुनाव में एक मजबूत स्थिति में आने का मौका मिल गया है। हिंदूवादी नेता निर्दलीय प्रत्याशी रूपेंद्र नागर ने अपना नामांकन वापस लेते हुए भाजपा को समर्थन का ऐलान किया उन्होंने कहा की हल्द्वानी में भाजपा का मेयर बनने से विकास कार्य को प्रगति मिलेगी अब चुनाव का मुकाबला भाजपा और कांग्रेस के बीच होगा।

### अब 57 वाडो से 228 पार्षद उम्मीदवार चुनाव लड़ेंगे

**हल्द्वानी।** तीन वार्डों में एक–एक नामांकन होने की वजह से अब 57 वार्डों से 228 पार्षद उम्मीदवार चुनाव लड़ेंगे। वार्ड–42 हरिनगर से धीरज कुमार, वार्ड 44 कुसुमखेड़ा पश्चिमी से सुरेंद्र मोहन सिंह और वार्ड 51 मुखानी प्रथम से एकमात्र प्रत्याशी मुकेश बिष्ट औपचारिक रूप से निर्विरोध निर्वाचित हो गए है। गुरुवार को नाम वापसी का निर्धारित समय समय पूरा होने के बाद उन्हें प्रमाण पत्र दे दिया गया। वहीं अब 57 वार्डों में 228 प्रत्याशियों के बीच मुकाबला होगा।

## चमोली में अब सड़क पर कचरा फेंका या घर पर सूखा गीला कूड़ा पृथक नहीं किया तो लगेगा जुर्माना

**चमोली (नजरिया खबर ब्यूरो)।** जिलाधिकारी संदीप तिवारी ने अधिशासी अधिकारियों को नगर निकाय क्षेत्रों में डोर–टू–डोर कूडा कलेक्शन और सोर्स सेग्रीगेशन पर विशेष फोकस करने के निर्देश दिए है। जिलाधिकारी ने कहा कि नगर वासियों को जागरूक करें और घर से सूखा और गीला कूडा सेग्रिगेट करके कलेक्शन करें तथा उसका उचित निस्तारण किया जाए। गंगा नदी में ठोस अपशिष्ट ले जाने वाले नालों पर जाली लगाकर प्लास्टिक कचरे और अपशिष्ट को सीधे नदी में जाने से रोका जाए।

जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि प्रत्येक नगर पालिका व नगर पंचायत में सबसे पहले किसी एक वार्ड को चयनित करें और उस वार्ड में घर पर ही सूखा व गीला कूड़ा पृथक करने के लिए लोगों को जागरूक करें। घर से सूखा और गीले कूडे का अलग–अलग उठान किया जाए। जिस घर से कूड़ा पृथक नही किया जा रहा है, उनका चालान करते हुए जुर्माना लगाया जाए। सड़क पर कूडा फेंकने वालों पर कडी निगरानी रखें और एक्ट के अनुसार सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाए। नगर क्षेत्र में कूडा जलाने वालों के खिलाफ भी कार्रवाई की जाए।



जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारियों को सोर्स सेग्रीगेशन पर फोकस करने के दिए निर्देश

जिलाधिकारी ने नोडल अधिकारी को निर्देशित किया कि सभी निकाय में सोर्स सेग्रीगेशन को सख्ती से लागू किया जाए। कहा कि इसमें लापरवाही पाए जाने पर संबंधित अधिशासी अधिकारी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

## नाम वापसी के बाद नंदप्रयाग में 01 तथा नंदानगर में 02 वार्ड सदस्य हुए निर्विरोध निर्वाचित

**चमोली (नजरिया खबर ब्यूरो)।** चमोली जिले की 10 निकाय क्षेत्रों में 02 जनवरी को नाम वापसी का समय समाप्त हो गया है। जिले में 10 अभ्यर्थियों ने अध्यक्ष पद से तथा 11 अभ्यर्थियों ने वार्ड सदस्य के पद से अपना नामांकन वापस ले लिया है।

नगर पालिका परिषद गोपेश्वर में अध्यक्ष पद पर चुनाव से मोहन प्रसाद ने अपना नाम वापस ले लिया है। नगर पंचायत गैरसैंण में अध्यक्ष पद से कुंवर सिंह और सुरेन्द्र सिंह ने अपना नाम वापस लिया है। नगर पंचायत थराली में गोविन्दी देवी तथा नगर पंचायत पोखरी में प्रतीमा देवी ने अध्यक्ष पद से अपना नामांकन वापस लिया है। नगर पंचायत नंदप्रयाग में सबसे ज्यादा 05 अभ्यर्थियों ने अध्यक्ष पद पर चुनाव लड़ने से अपना नामांकन वापस लिया है। इसमें चन्दन सिंह, शैलेंद्र सिंह, संदीप सिंह रावत, नरेंद्र सिंह और तेजवीर सिंह शामिल है।

जबकि नगर पालिका कर्णप्रयाग, ज्योतिर्मठ, गौचर, नगर पंचायत पीपलकोटी और नंदानगर में किसी भी अभ्यर्थी ने अध्यक्ष पद से अपना नामांकन वापस नही लिया है। इस प्रकार नगर पालिका गोपेश्वर में अध्यक्ष पद के लिए 03, कर्णप्रयाग में 09, गौचर में 04, ज्योतिर्मठ में 03 तथा नगर पंचायत पीपलकोटी में 05, गैरसैंण में 05, थराली में 03, पोखरी में 04, नंदप्रयाग में 05 और नंदानगर में 02 प्रत्याशी अध्यक्ष पद के लिए चुनाव मैदान में है। इस प्रकार 10 निकायों में अध्यक्ष के लिए 43 प्रत्याशी मैदान में है। वही सदस्य पद के चुनाव से नगर पालिका परिषद कर्णप्रयाग में भीम सिंह व सुनील नैनवाल, ज्योतिर्मठ में अरुण कुमार शाह, नगर पंचायत गैरसैंण में प्रकाश गौड़ व मृणाल रतूडी, थराली में अनीता व सीमा, पोखरी में जितेन्द्र प्रसाद नंदप्रयाग में सुरजीत और नंदानगर में विक्रम सिंह व बाग सिंह ने सदस्य पद से अपना नामांकन वापस ले लिया है। जबकि विभिन्न वार्डो से 179 प्रत्याशी सदस्य पद के लिए मैदान में है।

### नगर पंचायत चुनाव में अध्यक्ष पद के दो और सभासद पद के तीन दावेदारों ने लिया नाम वापस

**लालकुआं।** नगर पंचायत लालकुआं के चुनाव के लिए चल रही निर्वाचन प्रक्रिया के अंतर्गत आज नाम वापसी के दिन भारतीय जनता पार्टी की डमी प्रत्याशी राजलक्ष्मी पंडित और कांग्रेस के डमी प्रत्याशी कमलेश यादव ने अपना नामांकन वापस ले लिया, वहीं विभिन्न वार्डों से चुनाव लड़ रहे तीन सभासद दावेदारों ने भी अपने नाम वापस लिए हैं। उक्त जानकारी देते हुए निर्वाचन अधिकारी ध्उप जिलाधिकारी तुषार सैनी ने बताया कि नगर निकाय निर्वाचन के अन्तर्गत नगर पंचायत लालकुआँ में अध्यक्ष पद की उम्मीदवार राजलक्ष्मी पत्नी प्रेम नाथ पंडित निवासी अम्बेडकर नगर, एवं कमलेश कुमार यादव पुत्र एपी यादव निवासी वार्ड नं0 6, रेलवे बाजार, ने नाम वापस ले लिए, वही वार्ड नं 4 से सदस्य पद की उम्मीदवार श्वेता उर्फ पुनीता पत्नी हरिओम यादव, वार्ड नं0 05 से सदस्य पद के उम्मीदवार दीपक बत्रा वार्ड नं0 7 से सदस्य पद के उम्मीदवार ओमपाल कश्यप पुत्र राम चन्द्र द्वारा अपना नामांकन वापस लिया गया।

03 january 2025_Copy of Layout 1 1/3/2025 12:34 PM Page 6



# मशरूम उत्पादन के लिए किसानों को दी जा रही 80 प्रतिशत सब्सिडी

चमोली (नजरिया खबर ब्यूरो)। किसानों की आय बढ़ाने के लिए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का प्रयास रंग लाने लगा है। ग्रामीण क्षेत्रों में मसरूम की खेती छोटे किसानों के लिए सोना साबित हो रही है। विगत दिनों ग्रीष्मकालीन राजधानी गैरसैंण के विजिट के दौरान मुख्यमंत्री ने चमोली के जिलाधिकारी संदीप तिवारी सहित तमाम रेखीय विभागों के अधिकारियों को ग्रामीण इलाकों में स्वरोजगार के मौके बढ़ाने के लिए कृषि और बागवानी के क्षेत्र में मसरूम उत्पादन जैसे अच्छे प्रोजेक्ट पर काम करने के निर्देश दिए थे। ताकि किसानों की आय में वृद्धि हो और लोगों को स्वरोजगार मिल सके। प्रशासन द्वारा इस दिशा में काम करने पर आज मशरूम की खेती काश्तकारों के लिए संजीवनी साबित हो रही है।

मुख्यमंत्री के निर्देशों के क्रम में कर्णप्रयाग–भराडीसैंण क्षेत्र के गांवों में पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर मशरूम की खेती आरंभ की गई। जिला योजना के तहत कृषि और उद्यान विभाग के माध्यम से आदिबद्री व खेती गांव में

### काश्तकारों को फायदे का सौदा साबित हो रही मशरूम की खेती

मसरुम टनल निर्मित करने के साथ ही कुछ किसानों को योजना से जोड़ा गया। किसानों द्वारा मसरूम हार्वेस्टिंग की गई। जिसकी बाजार दर 150 रुपए प्रति किलो मिल रही है। जिला अधिकारी ने बताया कि मशरूम टनल बनाने से जंगली जानवर जो फसल को नुकसान पहुंचा रहे थे, उस पर प्रभावी रोक लगी। बताया कि आदिबद्री, मालसी, खेती, थापली आदि गांव क्षेत्रों से मशरूम टनल की मांग लगातार आ रही है।

जिलाधिकारी ने कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देशों के अनुपालन में ग्रीष्मकालीन राजधानी गैरसैंण क्षेत्र में काश्तकारों की आय बढ़ाने के आशय से कृषि एवं बागवानी को बढावा दिया जा रहा है। मशरूम उत्पादन के सकारात्मक परिणाम मिल रहे है और जल्द ही पूरे क्षेत्र में अधिक से अधिक लोग इसको अपनाएंगे। कहा कि आगामी महीनों में जब मैदानी क्षेत्रों में तापमान बढेगा, तब यहां की जलवायु





में मशरुम का बेहतर उत्पादन होगा और किसानों को इसका अच्छा फायदा मिलेगा। जिलाधिकारी ने कहा कि अगले चरण में स्वयं सहायता समूहों को भी इससे जोडा जाएगा और लोगों को प्रशिक्षण देकर प्रयास किया जाएगा कि अधिक से अधिक लोग मसरूम उत्पादन से जुड़कर स्वरोजगार को अपनाएं।

मुख्य कृषि अधिकारी जेपी तिवारी ने जिले में मशरूम मॉडल के बारे जानकारी देते हुए बताया कि कर्णप्रयाग से लेकर भराडीसैंण तक के गांवों को मशरूम बेल्ट के रूप में तैयार किया जा रहा है। नवाचार के तहत पायलट प्रोजेक्ट के रूप में अभी खेती गांव में शत प्रतिशत अनुदान पर 08 मशरूम टनल बनाए गए है। आदिबद्री में भी 08 मशरूम टनल बनाए जा रहे है। मशरूम टनल की एक हट में 700 कम्पोस्ट बैग रखे गए है। एक बैग में 10 किलो कम्पोस्ट में 04 किलो मशरूम उत्पादन हो रहा है। इस प्रकार तीन महीने में 700 कम्पोस्ट बैग में 2800 किलो मशरूम उत्पादन होगा। साल में तीन बार मशरूम का उत्पादन होता है। इस प्रकार एक साल में एक हट से 8400 किलो मशरूम उत्पादन होगा। एक किलो मशरूम की बाजार दर 150 रुपये है। इस प्रकार एक हट से 12.60 लाख रुपये के मसरूम उत्पादन हो होगा। इस वेल्ट में 16 मसरूम टनल बनाए जा रहे है। इन सभी मसरूम टनल से साल में 2.04 करोड़ का मसरूम उत्पादन होगा। एक मशरूम टनल का साइज 16•32 है, जो कि एक चौथाई नाली जमीन पर हो रहा है। मशरूम टनल बनाने से जंगली जानवरों से भी नुकसान नही होता है। जिलाधिकारी ने रीप को निर्देशित किया है कि काश्तकारों द्वारा उत्पादित मशरूम का उचित माध्यम से विपणन भी सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में एनआरएलम समूहों को भी इससे जोड़कर इस पूरे क्षेत्र को मसरूम रूट के रूप में विकसित करने की योजना है और इस क्षेत्र को मसरूम इंडस्ट्री बनाने का प्रयास किया जा रहा है।

# केदारनाथ धाम में तैनात सुरक्षाकर्मी की मौत, हेलीकॉप्टर से एयरलिफ्ट किया शव

रुद्रप्रयाग (नजरिया खबर ब्यूरो)। केदारनाथ धाम में सुरक्षा ड्यूटी में तैनात मंदिर समिति के एक कर्मचारी की मौत हो गई है। बताया जा रहा कि कर्मचारी को दिल का दौरा पड़ा और उसकी धाम में ही मौत हो गई। प्रशासन की ओर से कर्मचारी के शव को हेलीकाप्टर की मदद से ऊखीमठ लाया गया। बदरीनाथ–केदारनाथ मंदिर समिति अधिकारी और कर्मचारियों ने स्वयंसेवक गिरिजा शंकर शुक्ला (55) के आकस्मिक निधन पर शोक जताया है।

कुणजेठी कालीमठ निवासी गिरजा शंकर शुक्ला शीतकालीन के दौरान मंदिर समिति की तरफ से केदारनाथ धाम में बतौर सुरक्षाकर्मी तैनात थे। बीते दिन गिरिजा शंकर का दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया, जिसके बाद उनके शव को हेलीकॉप्टर से ऊखीमठ लाया गया।

रुद्रप्रयाग में पोस्टमॉर्टम के पश्चात पैतृक घाट कालीमठ में उनको विदाई दी गयी। बीकेटीसी मीडिया प्रभारी डॉ हरीश गौड़ ने बताया कि शुक्ला के आकस्मिक निधन पर बीकेटीसी मुख्य कार्याधिकारी विजय प्रसाद थपलियाल सहित सभी अधिकारियों कर्मचारियों ने शोक जताया और शोक संतृप्त परिवार को सांत्वना दी है। मंदिर समिति उखीमठ कार्यालय में में शोक सभा में दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गयी। शोक सभा में वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी डीएस भुजवाण, केदारनाथ प्रभारी अधिकारी व वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी यदुवीर पुष्पवान, कुलदीप धर्म्वाण दफेदार विदेश शैव आदि मौजूद रहे।

# जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान गौचर चमोली में डीएलएड तृतीय सेमेस्टर की कक्षाएं हुई शुरू

चमोली (नजरिया खबर ब्यूरो)। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान गौचर (चमोली) में डीएलएड तृतीय सेमेस्टर की कक्षाएं प्रारंभ हो गई हैं। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान गौचर (चमोली) में विगत 26 दिसंबर से प्रारंभ हुई द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षाएं 1 जनवरी को संपन्न हो गई थी।



जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान गौचर चमोली के परीक्षा प्रभारी रविंद्र सिंह बर्त्वाल ने बताया कि वर्तमान में डायट में डीएलएड के दो बैच प्रशिक्षणरत हैं जिसमें से डीएलएड सेमेस्टर की परीक्षाएं 1 जनवरी संपन्न हो गई। परीक्षा प्रभारी रविंद्र सिंह बर्त्वाल ने यह भी बताया कि डीएलएड चतुर्थ सेमेस्टर के प्रशिक्षु विभिन्न विद्यालयों में इंटर्नशिप में थे। इनकी फाइनल टीचिंग जनवरी अंतिम सप्ताह में प्रस्तावित है इसके बाद चतुर्थ सेमेस्टर का प्रशिक्षण भी संपन्न हो जाएगा स सेवापूर्व प्रशिक्षण विभाग के विभागाध्यक्ष गोपाल प्रसाद कपरूवाण के अनुसार आज तृतीय सेमेस्टर का सत्र प्रारंभ हो गया स वर्तमान में द्वितीय सेमेस्टर में 39 एवं चतुर्थ सेमेस्टर में 36 प्रशिक्षु प्रशिक्षणरत हैं।

ध्यातव्य है कि उत्तराखंड माध्यमिक शिक्षा बोर्ड रामनगर के द्वारा डीएलएड प्रवेश परीक्षा का आयोजन 30 नवंबर को किया गया था जिसके अंतिम परिणाम का इंतजार है, इसके बाद चयनित अभ्यर्थियों की प्रथम सेमेस्टर की कक्षाएं भी प्रारंभ हो जाएगी।

# डायट गौचर में पांच दिवसीय हस्तलेखन कार्यशाला का आयोजन 5 जनवरी से 9 जनवरी तक

चमोली (नजरिया खबर ब्यूरो)। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान गौचर (चमोली) में पांच दिवसीय हस्तलेखन कार्यशाला का आयोजन 5 जनवरी से 9 जनवरी तक किया जाएगा।

कार्यशाला के समन्वयक डॉक्टर कमलेश कुमार मिश्र ने बताया कि कार्यशाला में डीएलएड के प्रशिक्षुओं और स्थानीय विद्यालयों के कक्षा चार से नौ तक पढ़ने वाले बच्चों को सम्मिलित किया गया है, कार्यशाला का समय 10रू00 बजे से 2रू00 बजे के मध्य रहेगा स

कार्यशाला में मुख्य संदर्भदाता के रूप

### कक्षा चार से नौ तक पढ़ने वाले बच्चों को किया गया सम्मिलित

में राजकीय जूनियर हाई स्कूल करुली , बागेश्वर के प्रधानाध्यापक नरेंद्र गोस्वामी को आमंत्रित किया गया है स नरेंद्र गोस्वामी के निर्देशन में प्रत्येक वर्ष राज्य स्तरीय खेलकूद एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं के सुलेख प्रतियोगिता में राजकीय जूनियर हाईस्कूल करुली के बच्चे उच्च स्थान प्राप्त करते हैं। इस विद्यालय की कक्षा 8 की छात्रा पावनी खेतवाल ने गत वर्ष भी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया स समन्वयक




डॉक्टर मिश्र ने बताया कि इस विद्यालय के समस्त बच्चों का लेखन उत्कृष्ट प्रकृति का है।

जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान गौचर (चमोली) के प्राचार्य आकाश सारस्वत के अनुसार विद्यालयों के अनुश्रवण करने पर यह देखा गया है कि अधिकांश बच्चों की लिखावट अपठनीय है और उनकी वर्तनी में भी त्रुटियां हैं। इसे दूर करने के लिए भविष्य के अध्यापकों को प्रशिक्षण दिया जाना आवश्यक है। यह भी जरूरी है कि जिला स्तरीय संस्थान का लाभ स्थानीय स्तर पर भी मिले इसलिए डीएलएड के प्रशिक्षुओं और स्थानीय बच्चों को इसमें सम्मिलित किया गया है।

स्थानीय बच्चे इस कार्यशाला में अधिक से अधिक प्रतिभाग करें, इसके लिए स्थानीय विद्यालयों से संपर्क स्थापित किया गया है।

03 january 2025_Copy of Layout 1 1/3/2025 12:34 PM Page 7






# रिलीज से पहले ही पुष्पा 2 ने तोड़ा 52 साल का यह रिकॉर्ड, ऐसा करने वाली पहली फिल्म बनी

पुष्पा 2ः द रूल मुंबई के प्रतिष्ठित गेयटी-गैलेक्सी मल्टीप्लेक्स में सभी छह स्क्रीनों पर प्रदर्शित होने वाली पहली फिल्म बनकर एक नया रिकॉर्ड स्थापित करने के लिए तैयार है। फिल्म के हर दिन कुल 18 शो होंगे। इस तरह अल्लू अर्जुन की यह फिल्म सिनेमा जगत में 52 साल के रिकॉर्ड को तोड़कर इतिहास रचने वाली है।  फिल्म की एडवांस बुकिंग को पहले से ही शानदार प्रतिक्रिया मिल रही है, सीटें तेजी से भर रही हैं। मुंबई में हाल ही में एक कार्यक्रम में, मुख्य अभिनेता अल्लू अर्जुन ने खुलासा किया कि फिल्म विश्व स्तर पर रिकॉर्ड तोड़ 12,000 से अधिक स्क्रीन पर रिलीज होगी। अब यह गेयटी-गैलेक्सी के सभी छह स्क्रीनों पर प्रदर्शित होने वाली पहली फिल्म है, एक मल्टीप्लेक्स जो आमतौर पर केवल दो या तीन स्क्रीनों पर फिल्में दिखाता है।

## गेयटी-गैलेक्सी मल्टीप्लेक्स में तोड़ा यह रिकॉर्ड

पुष्पा 2ः द रूल छह सिनेमाघरों में प्रदर्शित की जाएगी जिनमें गेयटी, गैलेक्सी, जेमिनी, गॉसिप, जेम और ग्लैमर शामिल हैं। अतीत में, अधिकांश फिल्में इनमें से केवल दो या तीन थिएटरों में दिखाई जाती थीं। 1000 सीटों वाली गेयटी में दोपहर 1ः00 बजे, शाम 5ः00 बजे और रात 9ः00 बजे शो होंगे, जबकि 800 सीटों वाली गैलेक्सी में दोपहर 12ः00 बजे, शाम 4ः00 बजे और 8ः00 बजे फिल्म दिखाई जाएगी। अन्य थिएटर भी दिन भर में अलग-अलग समय पर फिल्म की मेजबानी करेंगे।

## प्रतिदिन चलेंगे 18 शो

प्रतिदिन 18 शो चलाने का निर्णय इस मल्टीप्लेक्स के लिए पहला है, जो फिल्म की भारी मांग और लोकप्रियता को उजागर करता है। शो की संख्या को सीमित करने वाले 200 मिनट के लंबे समय के बावजूद, फिल्म उत्साह बनाए रखने में कामयाब रही है। विशेष रूप से तेलुगु राज्यों तेलंगाना और आंध्र प्रदेश में टिकट की कीमतों में उल्लेखनीय वृद्धि को लेकर चिंताएं व्यक्त की गई हैं।
पुष्पा 2ः द रूल की उच्च मांग को मद्देनजर रखते हुए दोनों राज्य सरकारों ने टिकट की कीमत 600 रुपये प्रति व्यक्ति निर्धारित करते हुए बढ़ोतरी को मंजूरी दे दी है। यह केवल रिलीज के पहले चार दिनों, 5 दिसंबर से 9 दिसंबर तक लागू होगा। सुकुमार द्वारा निर्देशित और अल्लू अर्जुन, रश्मिका मंदाना और फहद फासिल अभिनीत यह फिल्म 5 दिसंबर को सिनेमाघरों में दस्तक देगी।



# 9 साल बाद पर्दे पर साथ दिखेंगे सूर्या और तृषा कृष्णन

साउथ सुपरस्टार सूर्या की 45वीं फिल्म अपने एलान के बाद से ही सुर्खियों में है। इसका अस्थायी शीर्षक सूर्या 45 है। दर्शकों को इस फिल्म से काफी उम्मीदे हैं क्योंकि सूर्या की हालिया रिलीज फिल्म कंगुवा बॉक्स ऑफिस पर बुरी तरह पस्त रही है। सूर्या 45 का इंतजार कर रहे प्रशंसकों के लिए खुशखबरी है। अभिनेता को तमिलनाडु के पोलाची में श्री मसानिअम्मन मंदिर में निर्देशक आरजे बालाजी के साथ आगामी फिल्म के लिए पूजा समारोह में भाग लेते देखा गया। एकादशी के शुभ अवसर पर, सूर्या और आरजे बालाजी के साथ उनकी टीम समारोह के लिए प्रसिद्ध मंदिर में एकत्रित हुई। भगवान के आशीर्वाद के साथ फिल्म का मुहूर्त शॉट लिया गया। आइए इसके शूटिंग शेड्यूल पर गौर फरमा लेते हैं-
सूर्या 45 की शूटिंग का पहला शेड्यूल 28 नवंबर, 2024 को कोयंबटूर में होगा। सूर्या 45 लगभग दो दशकों के बाद सूर्या और तृषा कृष्णन को स्क्रीन पर साथ ला रही है। दोनों को आखिरी बार 2005 की फिल्म आरू में एक साथ देखा गया था। यह फिल्म सूर्या और आरजे बालाजी के बीच पहले सहयोग का प्रतीक है। ड्रीम वॉरियर पिक्चर्स प्रोडक्शन के बैनर तले बन रही इस फिल्म के लिए एआर रहमान को संगीतकार के रूप में चुना गया है।
सूर्या 44 पर भी चल रहा काम
सूर्या अगली बार कार्तिक सुब्बाराज की एक्शन फिल्म में दिखाई देंगे, जिसका अस्थायी नाम सूर्या 44 है। सूर्या के साथ, फिल्म में पूजा हेगड़े, जयराम, जोजू जॉर्ज, करुणाकरण, नासर और प्रकाश राज जैसे अन्य कलाकार हैं। फिल्म का संगीत संतोष नारायणन ने तैयार किया है। शूटिंग पूरी होने और पोस्ट-प्रोडक्शन का काम जोरों पर होने के साथ, निर्माता इसे 2025 की गर्मियों में रिलीज की योजना बना रहे हैं।



## पर्दे पर पस्त हुई कंगुवा

सूर्या 44 और सूर्या 45 के अलावा अभिनेता की पाइपलाइन में वेत्री मारन की वादीवासल और लोकेश कनगराज की रोलेक्स स्टैंडअलोन फिल्म भी है। इस तरह अभिनेता की आगामी लाइन-अप आशाजनक लगती है। वहीं, सूर्या की हालिया रिलीज फिल्म कंगुवा सिनेमाघरों में चल रही है, जिसे ज्यादातर नकारात्मक प्रतिक्रियाएं मिलीं। दरअसल, फिल्म को उनके जोरदार बैकग्राउंड म्यूजिक के कारण नकारात्मक समीक्षाएं मिलीं। समीक्षाओं का असर बॉक्स ऑफिस पर भी पड़ा है। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर बड़ी फ्लॉप साबित हुई है।



# बाहुबली की सफलता के बाद अपनी भूमिकाओं पर तमन्ना भाटिया का खुलासा

तमन्ना भाटिया ने 2005 में हिंदी फिल्म चांद सा रोशन चेहरा से अपने अभिनय करियर की शुरुआत की थी। उसी साल उन्होंने फिल्म श्री से तेलुगु इंडस्ट्री में भी कदम रखा और उसके अगले साल केडी से तमिल में डेब्यू किया। तब से तमन्ना ने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा और आज वह सभी की पसंदीदा अभिनेत्री हैं।
लेकिन ब्लॉकबस्टर हिट फिल्म बाहुबली 1 और बाहूबली 2 उनके जीवन का एक बहुत महत्वपूर्ण मोड़ था। बाहुबली की आपार सफलता के बाद तमन्ना का जीवन कैसा था। तमन्ना भाटिया जब फिल्म इंडस्ट्री में आई थीं, तब वह नई थीं। इसलिए, ग्लैमर और चकाचौंध की दुनिया की भाषा और संस्कृति से तालमेल बिठाने के दौरान अभिनेत्री को शुरुआती सालों में काफी संघर्ष करना पड़ा था। अब तक, उन्होंने केवल 19 सालों में 80 से अधिक फिल्मों में काम किया है। बहरहाल, तमन्ना इन दिनों अविनाश तिवारी और जिमी शेरगिल के साथ आगामी फिल्म सिकंदर का मुकद्दर के प्रचार में व्यस्त हैं।
मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, अपने करियर में शुरुआती संघर्षों के बारे में बात करते हुए तमन्ना ने कहा, मुझसे बहुत बड़े लोगों के साथ और ऐसी जगह पर काम करना जहां मुझे भाषा नहीं आती थी, मेरी सबसे बड़ी सीखों में से एक थी। मैंने एक पूरी तरह से अलग संस्कृति को समझा और अब मैं तमिल और तेलुगु दोनों में बोल सकती हूं।卐 मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, तमिल और तेलुगु में अपनी बैक-टू-बैक ब्लॉकबस्टर फिल्मों की व्यावसायिक सफलता के बाद अपने करियर में आए बदलाव के बारे में बताते हुए तमन्ना ने कहा, मुझे व्यावसायिक सफलता तो मिली, लेकिन एक अभिनेत्री के तौर पर मैं अभी भी सीख रही थी। मैं अलग-अलग तरह की चुनौतीपूर्ण भूमिकाएं निभाना चाहती थी, जब कोई अभिनेता व्यावसायिक रूप से अच्छा प्रदर्शन कर रहा होता है, तो यह धारणा बन जाती है कि इससे दूर जाना और भूमिकाओं के साथ प्रयोग करना अनावश्यक है, लेकिन मेरा फंडा हटके था... मैं शुरू से ही अलग-अलग भूमिकाएं निभाना चाहती थी। तमन्ना ने अपनी जीवन पर बाहुबली के प्रभाव के बारे में बात करते हुए कहा, यह सभी के लिए एक गेम-चेंजर फिल्म थी, लेकिन इसने वास्तव में मेरी सोच और समझ को व्यापक बनाया। आप बाहुबली से बड़ा कुछ कैसे कर सकते हैं? मुझे आगे क्या करना चाहिए? क्या मुझे कुछ बड़ा करना चाहिए? या मुझे फिर से आविष्कार करना चाहिए।

# काली काली आंखें को मिली तारीफ से गदगद हैं आंचल

आंचल सिंह की सीरीज काली काली आंखें का दूसरा सीजन नेटफ्लिक्स पर रिलीज हो चुका है। इसमें उनके साथ ताहिर राज भसीन, सौरभ शुक्ला, श्वेता त्रिपाठी और आंचल सिंह नजर आ रहे हैं। इनके अलावा इस बार गुरमीत चौधरी भी उनका साथ देते हुए नजर आ रहे हैं। शो में एक बार फिर से रणनीति और लुका-छिपी का खेल देखने को मिल रहा है। इसका पहला सीजन साल 2022 में आया था और अब दो साल बाद इसका अगला सीजन रिलीज हुआ है। अभिनेत्री ने सीजन 2 को मिले प्यार पर दर्शकों का आभार जताया है। उन्होंने कहा कि लोगों से इतने ज्यादा प्यार की उन्हें उम्मीद नहीं थी। दर्शकों ने इस शो को उनकी उम्मीद से भी ज्यादा प्यार दिया है। अभिनेत्री ने आगे बताया कि उन्हें लगातार अलग-अलग शहरों से लोग कमेंट और मैसेज के जरिए प्यार जता रहे हैं। अभिनेत्री ने आगे कहा कि अक्सर लोग कहते हैं कि सीजन 2 सीजन 1 से अच्छा नहीं होता है, लेकिन लोगों को इसका सीजन 2 काफी ज्यादा पसंद आ रहा है। हम सभी ने इसे बहुत प्यार और शिद्दत से बनाया है। मैं बहुत खुश हूं कि हमारी सीरीज ट्रेंडिंग में है।

## चुनौती भरा रहा शूटिंग का अहसास

आंचल ने इस बातचीत में आगे बताया कि इस बार काली काली आंखे में बहुत कुछ हो रहा है। इसमें पॉलिटिक्स, प्यार के साथ और भी कई चीजें देखने को मिल रही हैं। हालांकि, लोग इसमें प्यार के लिए हदें पार करते हुए नजर आ रहे हैं। यह सीजन दो साल के बाद आया है। इस गैप के पीछे की वजह है कि लोगों द्वारा इसे प्यार मिल रहा है। कई लोगों को इस बार की स्टोरी लाइन, ड्रामा काफी नया लग रहा है और लोग इसकी तारीफ कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि इस सीरीज को मुंबई, मनाली और लंदन में शूट किया गया है। इसके लिए उन्हें तीन बजे सुबह उठना पड़ता था। बर्फ के बीच इसकी शूटिंग करना उनके लिए काफी चुनौती भरा था, लेकिन उन्हें ये करने में काफी मजा आया।

## इस किरदार के बाद लगा मेरा नया जन्म हुआ है

अभिनेत्री ने अपने किरदार अपूर्वा को लेकर कहा कि उसमें उन्हें काफी गहराई नजर आती है। उनका किरदार इमोशनल है, फाइटर है और वो हर परिस्थिति से लड़ने को तैयार रहती है। अभिनेत्री ने आगे कहा कि उन्होंने अपने किरदार से सीखा कि इंसान को वास्तविक जीवन में अपने स्वाभाव के प्रति ईमानदार रहना चाहिए। उन्होंने कहा, अपूर्वा प्यार करती है, तो छिपाती नहीं है। वो हमेशा अपनी चीजों को दिखाने और कहने के प्रति ईमानदार रहती है। यह किरदार मेरे लिए जिंदगी भर खास रहेगा। इस किरदार के बाद लगा कि मेरा नया जन्म हुआ है।





# चंकी पांडे ने संघर्षों पर की बात बताया कैसे बन गए प्रॉपर्टी डीलर

चंकी पांडे बॉलीवुड के मशहूर अभिनेता रहे हैं। उन्होंने इंडस्ट्री में एक लंबा सफर तय किया है। अस्सी और नब्बे के दशक की शुरुआत में एक सफल करियर के बाद बतौर मुख्य किरदार उनके लिए अवसर कम होते चले गए। इसके बाद उन्होंने चरित्र भूमिकाएं निभानी शुरू कर दी। हाल में ही बातचीत के दौरान अभिनेता ने अपनी बेटी अनन्या पांडे के साथ बातचीत की। इस दौरान उन्होंने बांग्लादेश में काम करने और वहां जीविका कमाने के लिए किए गए संघर्ष को याद किया। इस बातचीत के दौरान चंकी ने बांग्लादेश में काम करने और जीविका कमाने के लिए संघर्ष करने को याद किया। इसे लेकर अनन्या ने उनसे पूछा कि 90 के दशक की शुरुआत के बाद चंकी का करियर ढलान पर आ गया, तो क्या उन्हें कभी ऐसा लगा कि यह अंत है। चंकी ने जवाब देते हुए कहा, हां हां। अंत का मतलब है कि यह म्यूजिकल चेयर्स की तरह था और जब संगीत बंद हो गया, तो आपके पास बैठने के लिए कुर्सी नहीं थी। मेरा मतलब है, मेरे पास ब्लॉकबस्टर फिल्में थीं।

## बंग्लादेश में प्रॉपर्टी डीलर और इवेंट मैनेजमेंट में किया काम

अभिनेता ने आगे कहा, इसलिए मैं बांग्लादेश चला गया, वहां फिल्में कीं। सौभाग्य से वे कामयाब रहीं और मैंने 4-5 साल तक उसे अपना घर बना लिया, लेकिन यह डरावना था।असल में मैंने काम करना बंद नहीं किया। मैंने एक इवेंट कंपनी खोली। फिर मैंने इवेंट करना शुरू किया। मैंने जमीन का सौदा करना, प्रॉपर्टी खरीदना शुरू किया। मैंने बस अपने अहंकार को किनारे रखा और खुद से कहा कि मुझे जीवित रहने की जरूरत है और इसलिए मैंने ये सब किया लेकिन मैंने उस प्रक्रिया में बहुत कुछ सीखा।

## तमाम चुनौतियों के बाद डटे रहे चंकी

इन तमाम चुनौतियों के बावजूद, चंकी पांडे का करियर चलता रहा है। 1980 के दशक में तेजाब और आंखें जैसी हिट फिल्मों से स्टारडम हासिल करने के बाद, उन्होंने 2000 के दशक में खुद को एक चरित्र अभिनेता के रूप में फिर से स्थापित किया। इस दौरान उन्होंने हाउसफुल जैसी फिल्मों में अपनी कॉमिक टाइमिंग के लिए काफी तारीफ भी हासिल की। इस लगातार बदलते उद्योग में खुद को ढालने और बने रहने की उनकी क्षमता और प्रतिभा को दर्शाती है।

# पुष्पा की शूटिंग जल्दी खत्म करना चाहते थे अल्लू अर्जुन

तेलुगू स्टार और नेशनल अवॉर्ड विनिंग अभिनेता अल्लू अर्जुन ने अपने काम के अनुभव को लेकर बात की। फिल्म पुष्पाः द राइज को लेकर प्रेस कॉन्फ्रेंस में शूटिंग से जुड़ी कुछ खास बातें साझा की हैं।  अल्लू अर्जुन ने बताया कि पिछले पांच साल से इस फिल्म के लिए काम कर रहे हैं। वे जल्द से जल्द पुष्पा की शूटिंग खत्म करना चाहते थे। वे अपने किरदार के लिए अपनी दाढ़ी बढ़ाने के लिए बाध्य थे, इसलिए वे जल्दी शूटिंग खत्म कर उसे हटाना चाहते थे। अल्लू अर्जुन ने कहा, मैंने इस फिल्म की शूटिंग लगभग पांच साल तक की, जिसमें पहला और दूसरा भाग भी शामिल है। मैं इस फिल्म के खत्म होने का इंतजार कर रहा था ताकि मैं क्लीन शेव कर सकूं। मेरी बेटी मेरे पास नहीं आती क्योंकि मैं उसे चूम नहीं सकता क्योंकि मेरी दाढ़ी है। मैंने पिछले तीन-चार सालों में उसे ठीक से चूमा नहीं है। अल्लू अर्जुन ने कहा कि जब उन्होंने पुष्पा की शूटिंग पूरी कर ली तो अगले दिन वे काफी भावुक हो गए। उन्होंने कहा, अगले दिन जब शूटिंग पूरी हो गई, मैं शांत सा हो गया। ये मेरे लिए बहुत कठिन समय था। मैं जिन चेहरों को पिछले पांच साल से देख रहा था, उन्हें मैंने फिर देखा।



03 january 2025_Copy of Layout 1 1/3/2025 12:34 PM Page 8



# भाजपा का प्रचार अभियान कल से, बूथ स्तर पर होंगे कार्यकर्ता सम्मेलन

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** भाजपा कल से निकाय चुनावों को लेकर प्रचार अभियान शुरू करने जा रही है। जिसमें बूथ स्तर पर कार्यकर्ता सम्मेलन के साथ सीएम, पूर्व सीएम समेत सांसदों और मंत्रीगणों की सभाएं भी आयोजित की जाएंगी। वहीं पार्टी के अधिकृत उम्मीदवार के पक्ष में अधिकांश नाम वापिसी पर संतुष्टि जताते हुए स्पष्ट किया कि पूर्व विधायक ठकराल के अनुरोध पर केंद्रीय नेतृत्व शीघ्र निर्णय लेगा।

पार्टी मुख्यालय में पत्रकारों से बातचीत करते हुए प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने सरकार और संगठन की तरह निकायों में भी युवाओं को तरजीह देने के लिए केंद्रीय नेतृत्व का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा, पहले सीएम पुष्कर सिंह धामी, फिर स्वयं उनको मौका दिया गया और अब देहरादून में सौरभ थपलियाल और



भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट।

हल्द्वानी में गजराज बिष्ट को अवसर दिया। सभी युवा मोर्चा पदाधिकारी और छात्र राजनीति से जुड़े रहे हैं। पार्टी के अधिकृत उम्मीदवार के खिलाफ चुनाव नामांकन करने वाले कार्यकर्ताओं को लेकर उन्होंने बताया कि लगभग शतप्रतिशत ऐसे सक्रिय कार्यकर्ताओं ने नाम वापिस ले लिया है। शेष लोगों को लेकर पार्टी अपने संविधान अनुसार अनुशासनहीनता की कार्यवाही करेगी।, जिसके तहत उन्हें पार्टी से 6 वर्ष के लिए पार्टी से निष्कासित किया जाएगा। साथ ही उन्होंने स्पष्ट किया कि जिन्होंने नाम वापिस लिया है, वह बिना शर्त, पार्टी के प्रति उनका सम्मान है। क्योंकि भाजपा एक परिवार है और उनमें नाराजगी होना स्वाभाविक होता है। लेकिन जिस तरह कोई भी पारिवारिक सदस्य अपने सहयोगी का अहित नहीं करता है, ठीक उसी तरह भाजपा परिवार में हुआ है। अब सभी मिलकर भाजपा के अधिकृत प्रत्याशी को जिताने के लिए कार्य करेंगे। उन्होंने राजकुमार ठुकराल को लेकर पूछे सवाल का ज़बाव देते हुए कहा, वे अभी किसी भी पार्टी से संबध नहीं हैं। इसलिए उन्होंने और उनके भाई ने नामांकन किया। फिलहाल उन्होंने सीएम और स्वयं उनसे मुलाकात कर पार्टी में शामिल होने का आग्रह किया है। लिहाजा एक पूर्व विधायक होने के नाते केंद्रीय नेतृत्व ही इस विषय पर निर्णय लेने के लिए सक्षम है। उन्होंने उम्मीद जताई उचित मंच पर चर्चा उपरांत यथाशीघ्र केंद्र द्वारा अवगत करा दिया जाएगा। जहां तक उनके पार्टी को समर्थन की बात है, यह सब पार्टी की जीत को और अधिक शानदार बनाने में सहयोगी होगा। भट्ट ने विधायक अरविंद पांडे के बयानों पर कहा कि वे पार्टी के लोकप्रिय विधायक हैं और कार्यकर्ताओं और अपने शुभचिंतकों को अवसर दिलाना प्रत्येक की इच्छा रहती है।

अपने प्रत्याशियों के नामांकन निरस्त करने के कांग्रेसी आरोपी पर उन्होंने पलटवार कर कहा कि पूर्णतया संवैधानिक प्रक्रिया एवं नियमावली के तहत ही सभी नामांकन की जांच हुई है। ऐसे में जो आवेदन नियमों के तहत नहीं पाए गए या त्रुटियां पाई गई हैं उन्हें निरस्त किया गया है जिसमें कुछ एक भाजपा के भी हैं। अब चूंकि निरस्त नामांकनों में बड़ी संख्या कांग्रेस की है तो उनके नेतृत्व को विचार करना चाहिए कि वे क्यों ऐसे अयोग्य एवं अनाधिकृत लोगों को टिकट देते हैं। उन्होंने तंज किया कि कांग्रेस नेतृत्व एवं उनके विधायक आदि सभी अधिकांशतया भ्रष्ट, अपराधिक एवं अक्षम लोगों से घिरे रहते हैं और उन्हें ही टिकट दिलाने की पैरवी करते हैं। यह हम नहीं बल्कि स्वयं उनके पार्टी के वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता कैमरे पर कह रहे हैं। लिहाजा संवैधानिक प्रक्रिया पर उंगली उठाने की बजाय उन्हें अपने पार्टी के गिरेबान में झांकना चाहिए। प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर चौहान ने आगामी कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए कहा कि आज नाम वापिसी के बाद कल से पार्टी सभी निकायों में प्रचार अभियान शुरू करने जा रही है।

## भाजपा उम्मीदवार कमली भट्ट का चुनाव खतरे में, आरटीआई एक्टिविस्ट विकेश नेगी ने दर्ज की आपत्ति

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** देहरादून नगर निगम के वार्ड 48 से भाजपा की पार्षद उम्मीदवार कमली भट्ट के चुनाव खतरे में पड़ गया है। आरटीआई एक्टिविस्ट एडवोकेट विकेश नेगी ने नगर आयुक्त और नगर निर्वाचन अधिकारी से शिकायत की है कि कमली भट्ट ने चुनाव में अपनी एक संपत्ति की घोषणा छिपा दी है। इसके अलावा उनका घर सरकारी जमीन पर अतिक्रमण है जो कि चुनाव नियमों के खिलाफ है।

एडवोकेट विकेश नेगी ने निर्वाचन अधिकारी से मांग की है कि कमली भट्ट का नामांकन रद्द किया जाए। निगम चुनाव अधिकारी को आज दी गयी शिकायत में एडवोकेट विकेश नेगी ने कहा कि 2018 में कमली भट्ट ने चुनाव आयोग को जो संपत्ति का विवरण दिया है उसमें साझीदार में 376 वर्ग मीटर की भूमि का उल्लेख छिपा दिया था। यह आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन था। कमली भट्ट पार्षद रहते हुए एक अन्य सरकारी भूमि भी पद का दुरुपयोग करते हुए 23 मार्च 2023 को बेच दी थी। कमली भट्ट का नामांकन रद्द करने की मांगः एडवोकेट नेगी का आरोप है कि कमली भट्ट ने अपना जो पता दर्शाया हुआ है कि वह नगर निगम की भूमि पर है और नगर निगम की धारा 13 घ का उल्लंघन है। इसमें स्पष्ट कहा गया है कि यदि किसी का सरकारी भूमि पर अतिक्रमण है तो वह निगम का सदस्य नहीं बन सकता है। इसके अलावा विकेश नेगी ने कमली भट्ट के खिलाफ अदालत में भ्रष्टाचार अधिनियम के तहत एक वाद भी दायर किया है। इस मामले की सुनवाई चल रही है।

## केदारनाथ धाम शीतकालीन ड्यूटी में तैनात सुरक्षाकर्मी की हृदयाघात से मौत

**उखीमठ/रूद्रप्रयाग।** बदरीनाथ–केदारनाथ मंदिर समिति अधिकारियों कर्मचारियों ने स्वयंसेवक गिरिजा शंकर शुक्ला (55) के आकस्मिक निधन पर शोक जताया है। कुड़जेठी कालीमठ निवासी गिरजा शंकर शुक्ला शीतकालीन के दौरान मंदिर समिति की तरफ से केदारनाथ धाम में बतौर सुरक्षाकर्मी तैनात थे। गिरिजा शंकर का दिल का दौरा पडने से निधन हो गया। मंगलवार को उनका शव हैलीकॉप्टर से उखीमठ लाया गया रूद्रप्रयाग में पोस्टमार्टम के पश्चात पैतृक घाट कालीमठ में उनको विदाई दी गयी। बीकेटीसी मीडिया प्रभारी डा. हरीश गौड़ ने बताया कि शुक्ला के आकस्मिक निधन पर बीकेटीसी मुख्य कार्याधिकारी विजय प्रसाद थपलियाल सहित सभी अधिकारियों कर्मचारियों ने शोक जताया है तथा शोक संतृप्त परिवार को सांत्वना दी है।

## न्यूज डायरी

### कांग्रेस के कई प्रत्याशियों के नामांकन खारिज



**देहरादून।** निकाय चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशियों के नामांकन खारिज होने को लेकर पार्टी के नेताओं में रोष है। पार्टी प्रदेश उपाध्यक्ष सूर्यकांत धस्माना ने कहा देहरादून में वार्ड 49 के इलियास अंसारी और उनके पुत्र वसीम अंसारी का नामांकन खारिज कर दिया गया है। इसी तरह हरबर्टपुर मे कांग्रेस प्रत्याशी का नामांकन रद्द कर दिया गया। हरिद्वार जिले के मंगलौर नगर पालिका से कांग्रेस प्रत्याशी चौधरी इस्लाम का नामांकन पत्र खारिज कर दिया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि सत्ताधारी दल भाजपा सरकार के साथ मिलकर बिहार और उत्तर प्रदेश की पॉलिटिकल संस्कृति को ला रही है। बीते रोज दून नगर पालिका परिषद और निगम में कांग्रेस पार्षद प्रत्याशियों के नामांकन खारिज कराने के लिए भाजपा विधायक खुद भारी भीड़ लेकर अधिकारियों के कक्ष में घुस गए। नामांकन रद्द करने को लेकर आरओ को धमकाने लगे। धस्माना का आरोप है कि भाजपा विधायक ने बगैर किसी तथ्य के कांग्रेस पार्टी के चार प्रत्याशियों के नामांकन रद्द कराने की कोशिश की। विधायक एक नामांकन रद्द करने में तो सफल हो गए, लेकिन तीन नामांकन रद्द कराने में वह सफल नहीं हो पाए। उन्होंने कहा भाजपा निकाय चुनाव से घबरा गई है। कांग्रेस प्रत्याशियों के नामांकन रद्द करवा रही है। उन्होंने कहा चुनाव के नतीजे भाजपा के पक्ष में नहीं आएंगे। पहले तो यह सोचकर चुनाव कराने में देरी की गई, लेकिन अब जबकि पूरे राज्य में चुनाव हो रहे तो इससे भाजपा घबरा गई है। धस्माना ने कहा पूरे राज्य में निकायों के लिए कांग्रेस पार्टी अपना घोषणा पत्र दाखिल करेगी।

### एचडीएफसी म्यूचुअल फंड ने भारत में 25 नई शाखाओं का उद्घाटन किया

**काशीपुर।** भारत के अग्रणी म्यूचुअल फंड हाउसों में से एक एचडीएफसी म्यूचुअल फंड ने भारत के विभिन्न क्षेत्रों में 25 नई शाखाओं का उद्घाटन किया है। यह पहल कंपनी द्वारा अपनी पहुंच बढ़ाने और देश में म्यूचुअल फंड में निवेश को और अधिक सुलभ बनाने के लिए किए जा रहे प्रयासों का हिस्सा है। ये नई शाखाएं यानी बिजनेस सेंटर भरतपुर, भुसावल, वराछा, बोपल, वाकड, चित्तौड़गढ़, जालना, आजमगढ़, पूर्णिया, सीतापुर, बस्ती, आरा, बदलापुर, काशीपुर, फिरोजपुर, बारासात, बरहामपुर (मुर्शिदाबाद), बोलपुर, कोल्लम, खम्मम, होसुर, हसन, नागरकोइल, विजयनगरम और तंजावुर में खोले जाएंगे। एचडीएफसी एएमसी लिमिटेड के प्रबंध निदेशक और सीईओ नवनीत मुनोत ने कहा, एचडीएफसी एएमसी में, हमारा मिशन प्रत्येक भारतीय के लिए धन सृजनकर्ता बनना है।

## नए वर्ष के जश्न पर 14 करोड़ की शराब गटक गए लोग

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** 31 दिसंबर की रात पूरी दुनिया ने नए साल का जश्न में डूबी रही। इस दौरान उत्तराखंड में जमकर जाम छलकाये गये। उत्तराखंड में सरकार की तमाम रियायतों के बाद नए साल की रात आबकारी विभाग के आंकड़ों के अनुसार 14 करोड़ 26 लाख रुपए की शराब बिक्री हुई है।

देर रात पूरी दुनिया में नए साल का जश्न मनाया गया। दुबई से लेकर के दुनिया के सभी बड़े शहरों में नए साल का जश्न धूमधाम से मनाया गया। पर्यटन राज्य उत्तराखंड के पोटेंशियल की बात करें तो उत्तराखंड में भी लाखों

### थर्टी फर्स्ट की रात उत्तराखंड में खूब छलके जाम

की संख्या में पर्यटकों ने नए साल का जश्न मनाने के लिए रुख किया। इसका अंदाजा उत्तराखंड में हुए जश्न और उसमें बिकी शराब से लगाया जा सकता है। यही नहीं, राज्य के इस पोटेंशियल को देखते हुए उत्तराखंड सरकार ने भी नए साल के जश्न को धूमधाम से मनाने के लिए और राज्य की इकोनॉमी को बूस्ट करने के लिए कई रियायतें भी दी थीं। उत्तराखंड सरकार ने नए साल का जश्न मनाने के लिए रेस्टोरेंट और पर्यटन जश्न से जुड़े होटल व्यवसायियों को 24 घंटे खुले रहने की छूट दी थी। सरकार के इस बढ़ावे का असर रेवेन्यू पर भी देखने को मिला है। उत्तराखंड आबकारी विभाग ने केवल 31 दिसंबर के जश्न के चलते 14,26,86204 रुपए का राजस्व प्राप्त किए हैं। आबकारी आयुक्त हरिश्चंद्र सेमवाल के अनुसार, नए साल के जश्न को देखते हुए सरकार ने नए साल के जश्न के मौके पर सभी होटल रेस्टोरेंट और बार को 24 घंटे खुले रहने के आदेश जारी किए थे। इसी के चलते आबकारी विभाग ने 2 बजे तक बार संचालन की अनुमति दी थी।

स्वत्वाधिकारी नजरिया खबर के लिए स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक गीता जायसवाल द्वारा श्रेष्ठा प्रिन्टर्स, वार्ड नं.03,पो.ओ. लालकुंआ जिला–नैनीताल, उत्तराखण्ड से मुद्रित तथा 14–डी मीडो प्लाजा, प्रथम तल राजपुर रोड देहरादून, उत्तराखंड से प्रकाशित सम्पादक : विजय जायसवाल फोन नं. – 0135&2740930, 9837027458 RNI NO: UTTHIN/2008/25052 प्रकाशन सम्बन्धी सभी विवादों का निस्तारण सिर्फ देहरादून न्यायालय होगा। E-mail: nazariakhabar@gmail.com
Website : www.nazariyakhabar.com
डाक पंजीयन : UA/DO/DDN/402/2017-19